दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 16 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष: 8 अंक: 369 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3

वायनाड से प्रियंका गांधी वाड्रा को मिला टिकट

तिरुवनंतपुरम: तिरुवनंतपुरमः कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा अब चुनावी मैदान में उतरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में वह कांग्रेस की उम्मीदवार होंगी। चुनाव आयोग ने इस सीट पर उपचुनाव की घोषणा कर दी है। ऐसे में अगर प्रियंका गांधी अगर यह चुनाव जीत जाती हैं तो यह उनका संसद में पहला कदम होगा। साथ ही यह पहली बार होगा जब तीनों गांधी परिवार के सदस्य- सोनिया, राहुल और प्रियंका - एक साथ संसद में होंगे।

कांग्रेस ने किया उम्मीदवारी का ऐलान : चुनाव आयोग ने वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनावों की तारीखों का ऐलान कर दिया है। यहां 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वहीं केरल की दो विधानसभा सीटों पलक्कड़ और चेलक्करा विधानसभा सीट के लिए भी 13 नवंबर को उपचुनाव कराया जाएगा। चुनाव आयोग के ऐलान के बाद कांग्रेस ने मंगलवार देर शाम इन सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया। वायनाड सीट से राहुल गांधी की बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पार्टी की उम्मीदवार होंगी। वहीं पलक्कड़ से राहुल मम्कुटथिल और चेलक्करा विधानसभा सीट से राम्या हरिदास को उम्मीदवार बनाया गया है।

2019 में सक्रिय राजनीति में कदम रखने के बाद से ही प्रियंका गांधी को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। कभी कहा जा रहा था कि वह वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी, तो कभी यह चर्चा थी कि वह अपनी मां सोनिया गांधी की पारंपरिक सीट रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी। लेकिन कांग्रेस ने आखिरकार उन्हें वायनाड से उतारने का फैसला किया है।

गाजियाबाद में 13 नवंबर को होगा चुनाव और 23 को आएगा परिणाम

18 अक्टूबर से शुरू होगा नामांकन और 30 को है नाम वापसी की लास्ट डेट

गाजियाबाद, करंट क्राइम । गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट-56 के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव की डेट 13 नवंबर फिक्स कर दी गई है। तो 23 नवंबर को इस सीट का परिणाम आएगा। वहीं उप निर्वाचन विधानसभा क्षेत्र-56 की निर्वाचन की अधिसूचना कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। निर्वाचन की अधिसूचना जारी

करने की दिनांक 18 अक्टूबर है। तो नाम दाखिल करने का अंतिम दिन 25 अक्टूबर और नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। 13 नवंबर को गाजियाबाद शहर विधानसभा-56 सीट के लिए मतदान होगा। तो 23 नवंबर को मतगणना के साथ रिजल्ट डिक्लेयर किया जाएगा। गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उपचुनाव में जहां कुल चार लाख, 61 हजार 360 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। तो वहीं इस चुनाव में ढाई लाख से अधिक पुरुष और दो लाख से ज्यादा महिलाएं मतदाता शामिल रहेंगी। उपनिर्वाचन विधानसभा क्षेत्र-56 के संबंध में बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के महात्मा गांधी सभागार में प्रेसवार्ता कर निर्वाचन के कार्यक्रम और आदर्श आचार संहिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह को बनाया गया है।

कलैक्ट्रेट के कमरा नंबर-131 में होगा चुनावी कार्य

करंट क्राइम । निर्वाचन विधानसभा क्षेत्र-56 गाजियाबाद में उपचुनाव के लिए सभी निर्वाचन से संबंधित कार्य कमरा नंबर 131 में ही होंगे। यहां रिटर्निंग ऑफिसर के तौर पर डॉ. संतोष उपाध्याय नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद रहेंगे। वह नामांकन स्थल कक्ष संख्या 131 न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट ग्राउंड फ्लोर कलैक्ट्रेट गाजियाबाद के रूप में चिन्हित कर लिया गया हो इसके साथ ही सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में अमरजीत सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी गाजियाबाद, विवेक कुमार मिश्रा नायब तहसीलदार गाजियाबाद, पियूष चंद्र राय पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और अभिषेक यादव नगर शिक्षा अधिकारी विजयनगर जोन को बनाया गया है।

119 मतदान केंद्रों पर बनेंगे 506 मतदेय स्थल

करंट क्राइम । 56 विधानसभा क्षेत्र में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए 119 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। जहां 506 मतदेय स्थल स्थापित हैं। जिसमें से 72 मतदेय स्थल क्रिटिकल बताए गए हैं, जबकि वल्नरेबल की संख्या शून्य है। यहां चारों मजिस्ट्रेट और 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी।

चार लाख 61 हजार 630 मतदाता चुनेंगे शहर विधायक

4 लाख 61 हजार 360 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

करंट क्राइम । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 के अंतर्गत उपचुनाव में कुल 4 लाख 61 हजार 360 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें अन्य के रूप में 29 शामिल हैं जबकि 18 और 19 वर्ष की आयु वाले मतदाताओं की संख्या 549 है। वही 85 वर्ष से अधिक की आयु वाले मतदाताओं की संख्या 134 बताई गई है जबकि कुल 388 दिव्यांगजन मतदाता भी इस विधान सभा चुनाव के अलग-अलग केंद्र पर चिह्नित किए गए हैं। विधानसभा-56 क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के दौरान एक पिंक बूथ, एक युवा बूथ की भी स्थापना की जाएगी। जहां मतदान स्टाफ के रूप में महिला एवं युवा कर्मचारियों की नियुक्ति होगी।

कवि नगर रामलीला मैदान से रवाना होगी पोलिंग पार्टियां

करंट क्राइम। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार 56- विधानसभा गाजियाबाद क्षेत्र उप निर्वाचन 2024 के लिए मतदान के लिए पार्टियों की रावानगी रामलीला मैदान कवि नगर से की जाएगी। यहां पुलिस प्रशासन पर्याप्त रूप से सभी व्यवस्थाओं को करने का काम करेगा।

कड़ी सुरक्षा के बीच गोविंदपुरम मंडी में होगी 23 नवंबर को मतगणना

करंट क्राइम । 56 विधानसभा गाजियाबाद क्षेत्र उपनिर्वाचन-2024 में मतगणना संबंधी कार्य नवीन मंडी हापुड़ रोड गोविंदपुरम गाजियाबाद में 23 नवंबर को होगी। इसके लिए पुलिस- प्रशासन के अधिकारियों को ईवीएम की सुरक्षा से लेकर सीसीटीवी की व्यवस्था और पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दे दिए गए हैं।

एटीएम सिटी गंभीर सिंह बनाए गए नोडल अधिकारी

करंट क्राइम । निर्वाचन कार्य जारी होने के बाद जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता को प्रभावी रूप से लागू किए जाने के लिए जनपद में अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह को आदर्श आचार संहिता का नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

स्टेटिक सर्विलांस टीम से लेकर वीडियो व्यूयिंग टीम भी रहेगी तैनात

करंट क्राइम । चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि विधान सभा चुनाव-56 गाजियाबाद उप निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्वक और सफलता के साथ कराने के लिए यहां तीन स्टेटिक सर्विलांस टीम, फ्लाइंग स्क्वायड टीम 3, वीडियो सर्विलेंस टीम एक, वीडियो व्यूइंग टीम एक और सहायक व आब्जर्वर के तौर पर एक टीम की नियुक्ति की जाएगी।

इन अधिकारियों को भी दी गई है चुनावी जिम्मेदारी

करंट क्राइम । चुनाव एक बड़ी प्रक्रिया है और इसमें पुलिस-प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल मैनपॉवर मैनेजमेंट के प्रमुख रहेंगे। तो वही अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी के ही जिम्में ट्रेनिंग मैनेजमेंट का काम रहेगा। वहीं मैटेरियल मैनेजमेंट की जिम्मेदारी अपर जिला अधिकारी भू अभिलेख विवेक कुमार मिश्रा के कंधों पर सौंपी गई है। ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट का जिम्मा अपर जिलाधिकारी नगर गाजियाबाद गंभीर सिंह को सौंपा गया है। कंप्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी और आईटी की जिम्मेदारी हरमीत कौर सहायक जिला सूचना विज्ञान अधिकारी गाजियाबाद को दी गई है। तो स्वीप की जिम्मेदारी खुद मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल संभालेंगे। लॉ एंड आर्डर, वॉलंटरी मैपिंग एंड सिक्योरिटी प्लानिंग अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह को दी गई है। तो वही ईवीएम मैनेजमेंट विवेक कुमार मिश्रा अपर जिलाधिकारी भू अभिलेख गाजियाबाद को बनाया गया है। एमसीसी की कमान अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह को सौंपी गई है। तो वहीं एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग का जिम्मा अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट को बनाया गया है। वही बैलट पेपर और पोस्टल बैलट पेपर का जिम्मा अपर जिलाधिकारी अभिलेख विवेक कुमार मिश्रा पर रहेगा। मीडिया एवं पेड न्यूज और एमसीएम की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट के साथ ही कम्युनिकेशन प्लान का जिम्मा भी सौरभ भट्ट के पास ही रहेगा। वहीं इलेक्ट्रॉल रोल अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह और कंप्लेंट्स और वोटर हेल्पलाइन सौरभ भट्ट व ऑब्जर्वर की भूमिका अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह को दी गई है।

एसएमएस में से किसी एक को है ये बात पूरी तरह कन्फर्म

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चुनाव की रणभेरी बज गई है और उम्मीदवारी का ऐलान होना बाकी है। दैनिक करंट क्राइम ने ये पहले ही प्रकाशित कर दिया है कि चुनाव का दावेदारी के उम्मीदवारी

में बदलने वाला फ्रेम तीन नामों का बीच ट्राइएंगल बना रहा है। बताया था कि टिकट तो एसएमएस का होना है। अब एसएमएस में से किसका चुनावी भाग्य जोर मारेगा ये बाद में पता चलेगा, लेकिन सूत्र बताते हैं कि एसएमएस को ये पता है कि किसी एक का टिकट कंफर्म हो गया है। एसएमएस को ये भी मालूम है कि एसएमएस के नाम का जिक्र चुनाव वाली कोर कमेटी में हुआ है। भाजपा वाले बता रहे है कि टिकट तो कंफर्म है, लेकिन किसका कंफर्म है ये बात एसएमएस को सोने नहीं दे रही। वो लगातार फोन कर रहे हैं और बताने वाले ये भी बता रहे हैं कि कहीं-कहीं तो बधाई वाला सीन भी हो गया है और एसएमएस ने बधाई स्वीकार भी की है। बहरहाल ये बात पक्की है कि एसएमएस में से किसी एक को इस बात की पुख्ता जानकारी है कि उसका टिकट हो गया है। वो बस अब साइलेंट मोड पर आकर घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

विधानसभा उपचुनाव की दावेदारी वाली नब्ज टटोलने के लिए आज कांग्रेस के प्रभारी प्रदीप नरवाल आएंगे गाजियाबाद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद पूरे उत्साह में हैं। वो हरियाणा में भले ही सरकार नहीं बना पाई है, लेकिन वो एक बड़े वोट बैंक के साथ उभरकर सामने आई है। कांग्रेस

से भी लगभग डेढ़ दर्जन दावेदारों ने शहर विधानसभा उपचुनाव के लिए दावेदारी ठोंकी है। कांग्रेस की इस उपचुनाव में किसी को भी मैदान में उतारने से पहले उसके पूरे चुनावी प्रोफाइल को जांच रही है। कांग्रेस के दावेदार कितना दमखम रखते हैं और शहर वाले चुनावी रण में वो कितने माकूल रहेंगे। इस नब्ज को टटोलने के लिये आज कांग्रेस के वेस्ट यूपी प्रभारी, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल गाजियाबाद आ रहे हैं। वो सबसे पहले चुनावी रणनीति को लेकर कांग्रेस के महानगर कार्यालय पर दोपहर 12 बजे एक बैठक करेंगे। वो दावेदारों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले प्रदीप नरवाल संगठन के साथ बैठक करेंगे और फिर दावेदारों से मुलाकात करेंगे। उन सभी से उनके विचार जानेंगे।

उपचुनाव में आएगा वेडनेस डे इफेक्ट, 2016 में रविवार को हुआ था मतदान और प्रतिशत रहा था 18

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चुनाव की रणभेरी बज गई और सबसे खास बात ये है कि शहर विधानसभा सीट का एक बड़ा इलाका दिल्ली और नोएडा से लगता है। ये इलाका विजयनगर यानी लाइनपार क्षेत्र का है। इस इलाके की रोजगार वाली कनेक्टिविटी दिल्ली से है। बुधवार का दिन वर्किंग डे है और बड़ी बात ये है कि इस दिन स्वीप नहीं चलेगा। ये शहर विधानसभा का उपचुनाव है और इसमें भारतीय चुनाव आयोग का दखल रहता है। लिहाजा तारीख और दिन बदलने के चांस नहीं है। दिल्ली से दूरी कम है और अब इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी एनएच-9 से मिली हुई है। लिहाजा एक बड़ी चुनौती यहां रहने वाली है। बुधवार को मतदान का दिन चिंता का कारण बन सकता है। ये मामला भारतीय चुनाव आयोग के पास है लिहाजा इस बात की उम्मीद कम है कि ये डेट बदली जाएगी और इस बात के पूरे आसार है कि बुधवार को मतदान का ग्राफ गिर सकता है। यहां सभी दलों के लिये बुधवार को मतदान प्रतिशत बढ़ाने की टेंशन आ गयी है। क्योंकि दिल्ली और नोएडा में अवकाश नहीं रहेगा। यहां का कामगार वोटर अपने काम पर जाएगा ही जाएगा। लिहाजा ऐसे में मतदान प्रतिशत बढ़ाना सत्तादल के लिये भी चुनौती होगा।

याद है सभी को 14 फरवरी 2016 का दिन और रविवार की तारीख

मतदान प्रतिशत का दिन से बाई एलेक्शन से एक खास कनेक्शन रखता है। इसके लिए आठ साल पीछे जाना होगा। 14 फरवरी 2016 की तारीख थी। रविवार का दिन था और भाजपा के अशु वर्मा मेयर उप चुनाव के उम्मीदवार थे। मौसम सर्द था और इसमें ढाई विधानसभाएं आती थीं। जिसमें साहिबाबाद शहर और मुरादनगर विधानसभाओं के इलाके शामिल थे। तमाम कौशिशों के बावजूद मतदान प्रतिशत 18 रह गया था। यहां भी वहीं समीरण बैठा था क्योंकि मेयर उपचुनाव में दिल्ली से लगे इलाके इंदिरापुरम, वैशाली, वसुंधरा, सूर्यनगर, चंद्रनगर की हाईराइज इलाके थे और यहां मतदान का प्रतिशत चार से सात प्रतिशत रह गया था। एक बार फिर याद दिला दें कि ये तब हुआ था जब मतदान का दिन रविवार था। इस बार रविवार का दिन नहीं है और बुधवार को मतदान होगा। लिहाजा एक बड़ी चुनौती भाजपा के सामने रहेगी।

जब भाजपा ने निर्वाचन आयोग से अनुरोध कर बदलवाया था दिन

14 फरवरी 2016 को मतदान हुआ था और उससे पहले चुनाव आयोग ने मतदान का दिन बुधवार रखा था। भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने राज्य निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया था और उसके बाद मतदान का दिन रविवार को रखा गया था। मेयर उपचुनाव में एक तरह से ये बैकअप मिला था और फिर रविवार को मतदान हुआ था। उसके बावजूद मतदान का प्रतिशत केवल 18 प्रतिशत रहा था और अब तो मतदान का दिन बुधवार को है। दिल्ली-नोएडा से लगता इलाका है। ऐसे में मतदान का प्रतिशत किसी का दिन बनाएगा तो किसी का दिन बिगाड़ेगा।

विदेश से लेकर देश तक सांसद अतुल गर्ग का फेस

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इन दिनों धुंआधार पारी खेल रहे हैं। संगठन उन्हें बड़ी और राष्ट्रीय जिम्मेदारी दे रहा है। ऐसा लग रहा है कि अतुल गर्ग अब धीरे-धीरे भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति के फ्रेम में फिट हो रहे हैं। अतुल गर्ग हालांकि खामोश रहते हैं मगर उन्हें मिलने वाली जिम्मेदारियों के तार जोड़े तो ये अलग संकेत दे रहे हैं। अतुल गर्ग को भाजपा संगठन ने चंडीगढ़ की कमान सौंपी। फिर उन्हें बिहार भेजा गया। सदस्यता अभियान की समीक्षा वाली कमेटी में वो भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ हैं। तीन देशों की यात्रा में वो राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ हैं और एक बार फिर अतुल गर्ग का कद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बढ़ाया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने चुनाव से जुड़ी नियुक्तियों की घोषणा की है। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को दिल्ली विधानसभा चुनाव का सह प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा सांसद वैजयंत पांडा को दिल्ली विधानसभा चुनाव का प्रदेश चुनाव प्रभारी बनाया गया है। अतुल गर्ग विदेश से लौटते ही चुनाव की कमान संभालेंगे। अतुल गर्ग पर राष्ट्रीय नेतृत्व पूरी तरह भरोसा करके चल रहा है और अतुल गर्ग संगठन के भरोसे पर खरे भी उतर रहे हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में सह प्रभारी बनकर करेंगे उपचुनाव प्रचार

चेक वितरण

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। खोड़ा क्षेत्र के रहने वाले 3 मृतकों के परिजनों से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुलाकात की। उन्होंने उत्तराखंड में हुई घटना के बाद मारे गए मृतकों के परिजनों को आपदा राशि के चेक वितरित किए।

छह थानाक्षेत्रों में दिखेगा आचार संहिता का ज्यादा असर, पुलिस ने कर लिया है सारा पेपर वर्क

गाजियाबाद, करंट क्राइम । पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में विधानसभा उपचुनाव शहर सीट पर होना है और शहर सीट पर विधानसभा वाले उपचुनाव का असर देहात के थानाक्षेत्र पर भी पड़ेगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि कमिश्नरेट के अंतर्गत सिटी जोन के पांच थानाक्षेत्रों और देहात का एक थानाक्षेत्र को आचार संहिता के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील रहेगा। सूत्रों से जानकारी मिली है कि देहात जोन के क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के साथ ही सिटी जोन में आने वाले विजयनगर, घंटाघर कोतवाली, सिहानी गेट, नंदग्राम और कवि नगर थानाक्षेत्र ऐसे हैं जो चुनावी आचार संहिता और विधानसभा 56 के अंतर्गत शामिल रहेंगे।

बूथ से लेकर बदमाशों को तलाश रही है पुलिस

करंट क्राइम । सूत्रों से जानकारी मिली है कि विधानसभा सीट-56 पर होने वाले उपचुनाव को लेकर पुलिस इन छह थानाक्षेत्रों में बूथ से लेकर बदमाशों की तलाश में जुट गई है। इसके साथ ही यहां सार्वजनिक स्थानों पर लगे राजनीतिक दलों के पोस्टर और अन्य मैटर पर भी पुलिस अब ध्यान दे रही है। सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि दोनों ही जोन के डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को फील्ड पर और ज्यादा फोकस करने के निर्देश भी दे दिए गए हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि विधानसभा उपचुनाव को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद किस प्रकार से शांतिपूर्वक संपन्न करती है।

सीएम आतिशी ने ली हाई लेवल मीटिंग

प्रदूषण पर अफसरों से लिया अपडेट, गोपाल राय रहे मौजूद

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली सचिवालय में प्रदूषण की स्थिति के बारे में अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय भी मौजूद रहे। राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ ही मुख्यमंत्री आतिशी ने उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। आज से दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पहला चरण लागू हो चुका है। मंगलवार सुबह आठ बजे से पहले चरण की बंदिशें लागू हो गई हैं। सोमवार को केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उप-समिति की बैठक में वायु गुणवत्ता के पूवार्नुमान को देखते हुए यह फैसला लिया गया था।

प्रदूषण पर क्या बोले गोपाल राय

दिल्ली पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि जब हवा रुक जाती है, बारिश बंद हो जाती है और तापमान डाउन हो जाता है तो एक्यूआई का स्तर बढ़ना शुरू हो जाता है। 200 से ऊपर 300 तक जब एक्यूआई का स्तर बढ़ता है तो ग्रैप-1 लागू किया जाता है।आज से इसे पूरे दिल्ली में लागू कर दिया गया है। हम धूल रोधी कार्यक्रम सात अक्टूबर से चला रहे हैं और इसे सख्ती से पालन किया जा रहा है। पुरानी गाड़ी को नियंत्रित करने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही कोयले की दुकानों पर रोक लगाई जाएगी। जनरेटर के उपयोग पर रोक है। इत्यादि अलग-अलग जो सोर्स हैं उसको नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। हम इसको लेकर काफी सक्रियता से काम कर रहे हैं।

छठ की तैयारियों की समीक्षा बैठक

वहीं दूसरी तरफ दिल्ली में छठ महापर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दिल्ली सरकार ने छठ महापर्व को लेकर बैठक में कहा कि इस साल भी दिल्ली में 1000 से ज्यादा छठ घाट तैयार किए जाएंगे, ताकि शहर के हर हिस्से में श्रद्धालुओं को अपने घर के नजदीक ही घाट मिल सके और वो पूरी आस्था और उत्साह के साथ इस महापर्व का आनंद ले सके।

जीआरएपी का पहला चरण दिल्ली में लागू

आमतौर पर ग्रैप-1 तब लागू किया जाता है, जब शहर का एक्यूआई 200 के पार पहुंच जाता है। ग्रैप-1 लागू होने के बाद होटलों और रेस्तरां में कोयला और लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके अलावा पुराने पेट्रोल और डीजल वाहनों (बीएस-चार पेट्रोल और बीएस-चार डीजल) के संचालन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। साथ ही निर्माण और विध्वंस (सीएंडडी) गतिविधियों में धूल शमन उपायों और सीएंडडी कचरे के ठोस पर्यावरण प्रबंधन पर निदेर्शों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। इसमें 500 वर्ग मीटर के बराबर या उससे अधिक के भूखंड आकार वाली ऐसी परियोजनाओं के संबंध में सीएंडडी गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी, जो संबंधित के वेब पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं।

इन चीजों का रखें ध्यान

- अपने वाहनों के इंजनों को ठीक से ट्यून करके रखें।
- वाहनों में टायर का उचित दबाव बनाए रखें।
- अपने वाहन का पीयूसी प्रमाणपत्र रखें।
- लाल बत्ती पर इंजन बंद कर दें।
- वाहन के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हाइब्रिड वाहनों या ईवी को प्राथमिकता दें।
- खुले स्थानों पर कूड़ा-कचरा न फैलाएं व निस्तारित न करें।
- 311 एप, ग्रीन दिल्ली एप, समीर एप आदि के माध्यम से वायु प्रदूषणकारी गतिविधियों की रिपोर्ट करें।
- अधिक से अधिक पौधे लगाएं।
- त्योहारों को पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाएं-पटाखों से बचें।
- 10-15 वर्ष पुराने डीजल/पेट्रोल वाहन न चलाएं।

विकास संघर्ष समिति ने नगर आयुक्त से की मुलाकात

पाइपलाइन पर व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के लिए की चर्चा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। विकास संघर्ष समिति गाजियाबाद द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलाकात की गई जिसमें पाइपलाइन रोड पर व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के लिए चर्चा की गई, नियमित दवाई का छिड़काव, सड़कों का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था तथा धूल ना उड़े इसके लिए निरंतर पानी का छिड़काव कराए जाने को लेकर नगर आयुक्त से वार्ता की गई मौके पर विकास संघर्ष समिति गाजियाबाद के पदाधिकारी उपस्थित रहे नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज को तेजी से कार्य करने की निर्देश दिए'

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया की जनप्रतिनिधियों के विशेष सहयोग से पाइपलाइन पर बन रही समस्याओं का समाधान गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निरंतर किया जा रहा है शीघ्र ही शहर हित में कई महत्वपूर्ण योजना बनाई जा रही है जिससे विकास संघर्ष समिति तथा शहर को भी लाभ होगा, ग्रामीणों से सकारात्मक बैठक हुई जिसमें संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण करते हुए एक सप्ताह में सड़कों का मरम्मत का कार्य, लाइट व्यवस्था का कार्य पूर्ण करने की निर्देश दिए गए साथ ही निरंतर वॉटर स्प्रिंकलर का कार्य किए जाने के लिए अदेशित किया गया।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्रवाई प्रक्रिया में, शीघ्र लिया जाएगा निर्णय-नगर आयुक्त

करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निरंतर पाइपलाइन पर किए जा रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्यवाही पर अन्य स्थान की व्यवस्था की तैयारी की जा रही है, जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा निविदा की कार्यवाही को शुरू करदिया है नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित जनों को अवगत कराया गया तथा शीघ्र ही नए स्थान पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्यवाही कराई जाएगी जिसको जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य संबंधित टीम को निर्देशित किया गया।

न्यूज डायरी

नोएडा में 6 बदमाश गिरफ्तार, मेले में रेकी करके मोबाइल चोरी करते थे, 10 फोन बरामद

नोएडा (करंट क्राइम)। नोएडा में भीड़ भाड़ बाजारों में चोरी करने वाले एक गैंग छह लोगों को नोएडा की थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग ऑटो से नोएडा आते थे और बाजारों में घुस जाते है। पहले यहां रेकी करते है। इसके बाद टारगेट को चारो ओर से घेरकर उसका पर्स , मोबाइल या अन्य सामान चोरी कर फरार हो जाते है। पुलिस को काफी दिनों से इस गैंग की तलाश थी। ये गैंग नवरात्र , दशहरा और इस तरह के आयोजन में ज्यादा सक्रिय होते है। यहां ये लोग गैंग बनाकर अंदर घुस जाते है। इसके बाद जिस व्यक्ति को टारगेट करते है उसके चारो ओर खड़े हो जाते है। एक व्यक्ति ध्यान भटकाने के लिए उससे बातचीत या कुछ पूछने लगता है। दूसरा व्यक्ति जेब से सामान , मोबाइल , पर्स निकाल लेता है। वो तीसरे और चौथे को सामान देता है। इस तरह से ये लोग आसानी से सामान चोरी कर फरार हो जाते है। एक मेले में एक नहीं बल्कि कई लोग इनके टारगेट होते है। डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि जिन छह लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान सोनू उर्फ शानू, मौहम्मद अकरम, शाहीद, अभिषेक, ऋषि और तुषार हुई है। इन सभी को एच ब्लाक सेक्टर-22 नोएडा के पास से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से अलग-अलग कंपनियों के 10 मोबाइल फोन, 02 अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त एक टैंपू बरामद किया गया है। एक बार यदि कोई पकड़ ले तो उसे बचाने के लिए खुद की पब्लिक बनकर वहां से बचाकर ले जाते है।

तीरंदाजी के तीसरे दिन समापन समारोह में खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। तीरंदाजी के तीसरे दिन समापन समारोह में उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक एमएलसी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मंगलवार का पूरा दिन उत्तर प्रदेश पुलिस के खिलाड़ी और गाजियाबाद के खिलाड़ी छाए रहे। ज्यादातर फाइनल इवेंट में गाजियाबाद और उत्तर प्रदेश पुलिस के खिलाड़ियों के बीच भिड़ंत हुई। पुरस्कार वितरण के दौरान सभी खिलाड़ियों ने भरपूर उत्साह के साथ भाग लिया एवं एक दूसरे की हौसका ओबजाई जारी करते हुए दिखाई दिए। फाइनल मैच के दौरान प्रति प्रतियोगिताओं का स्तर विश्व विश्व स्तरीय जैसा आयोजन किया गया ऐसा आयोजन उत्तर प्रदेश में पहले कभी नहीं किया गया। जहां 1-1 खिलाड़ी एक दूसरे के साथ प्रतिद्वंदिता किया जैसा कि ओलंपिक खेलों में हम सभी ने देखा है। इस प्रतियोगिता के कंपटीशन मैनेजर ओलंपियन सदेव प्रसाद उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के पर्यवेक्षक योगेंद्र सिंह राणा और कंपटीशन डायरेक्टर वेद कुमार जी की तिगड़ी ने गाजियाबाद की धरती पर इतिहास रचा। गाजियाबाद तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

इंदिरापुरम के शिप्रा सनसिटी में हो रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा, तीसरे दिन सुखदेव की उपदेश कथा का वर्णन किया

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम के शिप्रा सनसिटी के जोग्स पार्क में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक आचार्य पवन नन्दन ने श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रस पान करते हुये कहा कि जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताये गये आदर्शों का श्रवण करना जैसे कहने वाले से सुनने वाले को ज्यादा ध्यान देना चाहिए तभी भगवान के आनंद विभोर भक्ति आत्मा में जाग्रति होती है। आचार्य ने भगवत कथा को आनंदमय से विस्तार करते हुये कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। आचार्य ने कहा कि सभी मनुष्यों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। भागवत कथा के दौरान आचार्य ने कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। श्रीमद् भागवत के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुये कहा की जितने प्यार से भोजन करते हो उतने ही प्यार से भगवान का भजन करना चाहिए और भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है, भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्यों कि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है। उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया की पाप के बाद कोई व्यक्ति नरक गामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित्त बताया गया है। कथा का वर्णन करते हुये कहा कि जब तक जीव माता के गर्भ में रहता है तब तक वह बाहर निकलने के लिये छटपटाता रहता है।

उस समय वह जीव बाहर निकलने के लिये ईश्वर से अनेक प्रकार के वादे करता है, मगर जन्म लेने के पश्चात सांसारिक मोह माया में फंस कर वह भगवान से किए गये वादों को भूल जाता है। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश बालियान, विजय शंकर तिवारी, कपिल त्यागी, राम वरुण , सुचित सिंघल, कमलकांत शर्मा, संजय सिंह, धीरज अग्रवाल, अजय शुक्ला, मनोज डागा, प्रवीण वाधवा, अनिल मेहंदी रत्ता, उमा शंकर तोमर, विश्वनाथ त्रिपाठी और अविनाश आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में क्लोव डेंटल, विस्सल एवं स्माइल के द्वारा एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा और उनकी स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता को सुनिश्चित करना था। शिविर में एक चिकित्सा टीम की उपस्थिति में छात्र. छात्राओं एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य पेशेवर शामिल रहे। शिवर का शुभारम्भ आईएमएस गाजियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छारिया तथा निदेशक डॉ अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया शिविर में छात्रों की ऊंचाई, वजन, ब्लड प्रेशर और तापमान की जांच की गई। दंत चिकित्सकों द्वारा छात्रों के दांतों की जांच की गई और आवश्यक सलाह दी गई। नेत्र चिकित्सकों द्वारा छात्रों की आंखों की जांच की गई और आवश्यकतानुसार चश्मे या अन्य उपायों की सलाह दी गई। छात्रों द्वारा उनके रक्त में हीमोग्लोबिन स्तर, ब्लड शुगर और अन्य महत्वपूर्ण पैरामीटर्स का पता लगाने के लिए रक्त का परीक्षण कराया गया । शिविर में 300 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा अपना स्वास्थ्य परिक्षण कराया गया । यह शिविर छात्रों के लिए बहुत लाभदायक साबित हुआ। जिसके कारण छात्र अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हुए।

कैफे में शॉर्ट सर्किट से भयंकर आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। थाना वेव सिटी क्षेत्र के नेशनल हाईवे 9 पर स्थित पिज्जा और पास्ता कैफे में मंगलवार शाम भयंकर आग लग गई। इस घटना में कैफे काफी जलकर खाक हो गया। आग का कारण बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार, यह कैफे अंकुर अग्रवाल द्वारा संचालित किया जा रहा था। कैफे के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे थे और कैफे की संरचना बांस और बल्लियों से बनी हुई थी, जो आग लगने का मुख्य कारण बनी।

बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ और बांस की बलियों में तुरंत आग फैल गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कैफे में मौजूद लकड़ियों को जलाकर राख कर दिया। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया, जिसके बाद दमकल विभाग की गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। हालांकि, आग लगने से कैफे को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बिजली की केबल के रख-रखाव में लापरवाही बरती गई थी, जिसकी वजह से यह दुर्घटना हुई। शॉर्ट सर्किट के कारण बांस और लकड़ी से बने कैफे में आग तेजी से फैली। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा उपायों पर सवाल उठ रहे हैं और स्थानीय प्रशासन से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की जा रही है। फिलहाल, घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है, और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हापुड़ में त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट

एडीजी जोन बोले: जनता की सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं

हापुड़। हापुड़ में एडीजी मेरठ जोन डीके ठाकुर ने कानून का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि दीपावली समेत अन्य पर्व पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाएं। बाजारों में सीसीटीवी से निगरानी की जाए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराधी कोई भी हो उसके साथ सख्ती से पेश आया जाए। देर रात एडीजी मेरठ जोन डीके ठाकुर ने पुलिस लाइन सभागार में जनपद के पुलिस अधिकारियों को आगामी त्यौहार व अपराध नियंत्रण/कानून-व्यवस्था को लेकर बैठक ली। उन्होंने दीपावली पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अफसरों के साथ चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि करवा चौथ, भईया दूज समेत कई त्योहार आ रहे हैं, ऐसे में बाजारों में भीड़ अधिक होगी। इसलिए बाजारों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाएं। पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। इसके साथ ही पैदल गश्त भी की जाए। त्योहारों पर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाए।

सर्दी में बरतें एहतियात

एडीजी ने कहा कि सर्दी के मौसम में अपराध की घटनाएं बढ़ न पाए। इसके लिए पूरा प्लान बना लिया जाए। प्रमुख मार्ग वहां अगर सीसीटीवी कैमरे नहीं है तो लगवाए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि ईनामी अपराधियों के खिलाफ तेजी से कार्रवाई की जाए। लंबित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर निस्तारण कराया जाए और लंबित वारदातों का पदार्फाश किया जाए। कानून व्यवस्था बेहतर रखी जाए, इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

एडीजी ने कहा कि थानों में आने वाली शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। महिला अपराधों में तेजी से कार्रवाई की जाए। संदिग्ध लोगों और वाहनों की चेकिंग कराई जाए। जनता की सुरक्षा में लापवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर, सीओ जितेंद्र शर्मा समेत जनपद के सभी सीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को मतदान, 23 नवंबर को आएंगे नतीजे

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। चुनाव आयोग के अनुसार राज्य में एक चरण में सभी 288 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। महाराष्ट्र में विधानसभा सीट की कुल 288 सीटें हैं, जबकि बहुमत के लिए 145 सीटें जरूरी हैं। महाराष्ट्र में महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच कांटे की टक्कर है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। चुनाव आयोग के अनुसार राज्य में एक ही चरण में सभी 288 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के अनुसार महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए 22 अक्तूबर को अधिसूचना जारी होगी, जबकि नामांकन की आखिरी तारीख 29 अक्तूबर को है। इस कड़ी में 30 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

महाराष्ट्र विधानसभा का चुनावी गणित

महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। महाराष्ट्र में विधानसभा सीट की कुल 288 सीटें हैं, जबकि बहुमत के लिए 145 सीटें जरूरी हैं। महाराष्ट्र में महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच कांटे की टक्कर है। 2019 में विधानसभा चुनावों में बीजेपी 152 सीटों पर लड़ी थी। तब बीजेपी ने अविभाजित शिवसेना के लिए 124 सीटें छोड़ी थी। वहीं एनडीए ने अपने अन्य सहयोगियों के लिए 12 सीटें छोड़ रखी थीं। इससे पहले बीजेपी ने साल 2014 के विधानसभा चुनाव में 122 और 2019 में 105 सीटों पर जीत हासिल की थी।

महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या

महाराष्ट्र में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 9.63 करोड़ है, जिसमें 4.97 करोड़ पुरुष मतदाताओं की संख्या है। वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 4.66 करोड़ है। अगर युवा मतदाताओं की बात करें तो इनकी संख्या 1.85 करोड़ है। जबकि पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं की संख्या 20.93 लाख है। महाराष्ट्र में कुल 52 हजार 789 जगहों पर एक लाख 186 पोलिंग स्टेशन होंगे। इसमें शहरी इलाकों में 42 हजार 604 और ग्रामीण इलाकों में 57 हजार 582 हैं। वहीं एक पोलिंग स्टेशन पर तकरीबन 960 मतदाताओं के वोट डालने का एवरेज है।

मतदाताओं के लिए पोलिंग स्टेशन पर व्यवस्था

मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार, मतदान के दौरान कतारों के बीच में थोड़ी कुर्सियां या बेंच लगाई जाएंगी ताकि अपनी बारी का इंतजार कर रहे मतदाता थोड़ी-थोड़ी देर में बैठ सकें। ये व्यवस्था हर मतदान केंद्र पर मिलेगी।

लोकसभा चुनाव में क्या रहा गठबंधन का प्रदर्शन

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में महायुति गठबंधन का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। जिसमें तीनों दलों ने मिलकर मात्र 17 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। जबकि महा विकास अघाड़ी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक बढ़िया रहा था। विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए), जिसमें शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस शामिल हैं, ने शानदार प्रदर्शन किया और 48 में से 30 सीटें जीतीं।

पुलिस पर गोली चलाने वाले बदमाश की मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में मुठभेड़

कवि नगर सर्किल में एक के बाद एक हो रही है मुठभेड़

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने बीते 24 घंटे के दौरान तीन अलग-अलग थानाक्षेत्रों में मुठभेड़ की वारदात को अंजाम दिया जा चुका है। मंगलवार की रात मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मैनापुर के जंगलों में पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ हुई है।

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने विशाल नाम के बदमाश को गिरफ्तार किया है। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि गोली लगने के गिरफ्तार घायल हुए विशाल पर आधा दर्जन से अधिक लूट और गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं।

गोली लगने के बाद किया गया गिरफ्तार



थाना प्रभारी की टीम कर रही थी क्षेत्र में चेकिंग

करंट क्राइम । पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि थाना प्रभारी मधुबन बापूधाम शैलेंद्र तोमर और उनकी टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध नजर आया, पुलिस ने उसको रोकने का प्रयास किया तो उसने गोली चला दी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विशाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी विशाल ने लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र में क्राइम किया हुआ है। तो वहीं उसने एक पुलिसकर्मी के ऊपर भी गोली चलाई थी। साथ ही बीते दिनों कवि नगर और मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में एक के बाद एक कई लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस का कहना है कि विशाल पर लोनी बॉर्डर, कवि नगर, मधुबन बापूधाम और लिंक रोड थानाक्षेत्र में लूटपाट के कई मुकदमे दर्ज हैं।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

भाजपा पार्षद शीतल चौधरी के घर पर किया निगम के बुल्डोजर ने वार

पार्षद ने दिखाया बड़ा दिल और कहा मेरा वार्ड ही मेरा परिवार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इन दिनों जनप्रतिनिधि और खासतौर से निगम पार्षद अपने वार्ड की शिकायतें कर रहे हैं। कोई बाजार में बुल्डोजर लेकर पहुंचता है तो कोई खामोशी से शिकायत कर चबूतरे तुड़वाता है, लेकिन एक ऐसी भी पार्षद है जिसने कहा कि मेरे वार्ड की जनता से मेरा परिवार वाला नाता है। जब निगम का बुल्डोजर अतिक्रमण हटाने उनके वार्ड में पहुंचा तो यहां पार्षद और उनका परिवार अड़ गया। किस्सा नगर निगम के वार्ड संख्या-9 से जुड़ा है। इस वार्ड से भाजपा की पार्षद शीतल चौधरी चुनाव जीती हैं। उन्होंने यहां बसपा का गढ़ ध्वस्त करते हुए पहली बार कमल खिलाया है।

मंगलवार को उनके वार्ड में नगर निगम की टीम अतिक्रमण की शिकायत पर बुल्डोजर लेकर पहुंची। आमतौर पर ये होता है कि ऐसे में कोई नहीं बोलता, लेकिन यहां पार्षद शीतल चौधरी और उनका परिवार आगे आया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को पहले समय दिया जाना चाहिए। मगर सूत्र बताते हैं कि निगम के दस्ते ने जब कार्रवाई करने और रैम्प वाला अतिक्रमण ध्वस्त करने की बात कही तो यहां पार्षद और उनके परिवार ने बड़ा दिल दिखाया और कहा कि वार्ड हमारा परिवार है और अगर बुल्डोजर का वार होना है तो पहला वार हमपर होगा। फिर सब हैरान रह गये जब नगर निगम के दस्ते ने भाजपा पार्षद शीतल चौधरी के घर के बाहर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई और यहां रैंप तोड़ा और उसके बाद नगर निगम की टीम चली गई।



नगर निगम की टीम के जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। दैनिक करंट क्राइम ने जब भाजपा पार्षद शीतल चौधरी से बात की तो उन्होंने कहा कि वार्ड की जनता हमारा परिवार है और अगर हमारा निर्माण तोड़कर वार्ड की जनता का निर्माण बचता है तो मुझे वो भी स्वीकार है। मैं क्षेत्र की जनता के साथ हूं। उन्होंने बताया कि जब निगम की टीम पहुंची तो वह उस समय वृंदावन और बरसाना में गई हुई थीं। शीतल चौधरी ने कहा कि मुझे वार्ड की जनता ने चुना है और जनता के लिये मैं हर चुनौती स्वीकार करने को तैयार हूं।

नोट : दैनिक करंट कॉमिक की ये सीरीज पूरी तरह से हमारी कल्पना पर आधारित है। पोलिटिकल किरदारों के साथ लिए गए शब्द हमारी काल्पनिकता के आधार पर लिखे गए हैं।

संपादकीय

संस्थानों की शक्ति

इस वर्ष अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार तीन ऐसे विद्वानों को दिया जा रहा है जिन्हें एक बेहद साधारण प्रश्न करने में विशेषज्ञता हासिल है : देश अमीर कैसे बनते हैं? ये विद्वान पारंपरिक संदर्भों में अकादमिक अर्थशास्त्री नहीं हैं। निश्चित तौर पर डैरन एसमोगलू अपनी पीढ़ी के सर्वाधिक प्रतिष्ठित प्रोफेसरों में से एक हैं। परंतु साइमन जॉनसन एक बिजनेस स्कूल में उद्यमिता के प्रोफेसर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री हैं। जेम्स ए रॉबिनसन लंबे समय तक राजनीति विज्ञान और लोक नीति विभागों में रहे हैं। किसी देश के सफल या विफल होने से संबंधित प्रश्न के लिए तीन अलग-अलग दृष्टिकोणों का आपसी सामंजस्य जरूरी था ताकि उसे कामयाबी मिल सके। प्रोफेसर एसमोगलू, जॉनसन और रॉबिनसन (या एजेआर) ने जिस प्रेरणा के साथ अपनी जांच शुरू की वह एकदम साधारण थी : कुछ देश मध्यकाल में अमीर क्यों थे और आज वे गरीब क्यों हैं जबकि अन्य देश जो उस समय गरीब थे आज अमीर हो चुके हैं? यह भारी उलटफेर यूं ही हो गया इसकी कोई ठोस वजह है? इसका उत्तर एकदम सहज था : संस्थान। यह शब्द अब बहुत अधिक इस्तेमाल किया जा रहा है- आंशिक तौर पर ऐसा एजेआर के काम के कारण भी है लेकिन इसका प्रयोग बिना इसे ठीक तरह से समझे किया जा रहा है। संस्थानों से इन विद्वानों का तात्पर्य था शक्ति के प्रयोग पर सीधे और लागू किए जाने लायक प्रतिबंध। आदर्श स्थिति में देखें तो संस्थानों का उभार विभिन्न समूहों के बीच सत्ता के इस्तेमाल के संतुलन के लिए हुआ ताकि शक्ति का जरूरत से अधिक इस्तेमाल सीमित किया जा सके और यह सुनिश्चित हो सके कि दीर्घावधि में संपत्ति पर अधिकार सरीखे वृद्धि को बढ़ावा देने वाले उपायों का संरक्षण होगा। यह निवेश का मार्ग प्रशस्त करता और उद्यमिता और वृद्धि फलते-फूलते। एजेआर के मूल पर्चे में दो दशक पहले इस प्रभाव को एक चतुराईपूर्ण उपाय के जरिये दर्शाया गया था। प्रश्न यह था कि यह कैसे दर्शाया जाए कि संस्थानों के कारण वृद्धि हुई, न कि संस्थान संपत्ति निर्माण के कारण या उसके समांतर पैदा हुए। यह दिखाने का एक तरीका तो यह होता कि उन संस्थानों की पहचान की जाती जो संपत्ति के अलावा अन्य वजहों से उभरे और उसके बाद यह देखा जाता कि क्या इन संस्थानों वाले देशों का प्रदर्शन बेहतर रहा? वैसा करने के लिए एजेआर-जिसके एक सदस्य तुर्किये के हैं और दो अंग्रेज, ने स्वाभाविक रूप से उपनिवेशवाद का रुख किया। उन्होंने यह उचित धारणा बनाई कि औपनिवेशिक काल में दौरान जिन स्थानों पर यूरोपीय लोग स्वस्थ रहे वहां अधिक यूरोपीय लोग बसने लगे और यदि किसी उपनिवेश में मूल निवासियों की तुलना में यूरोपियों की तादाद अधिक थी तो उनकी संस्थाओं के शोषक और कम प्रतिनिधित्व वाला होने की संभावना कम थी। उसके बाद उन्होंने इसका इस्तेमाल यह दिखाने के लिए किया कि जिन जगहों पर यूरोपीय लोग बसे उनका प्रदर्शन समय के साथ बेहतर रहा। वास्तव में शताब्दियों पहले जब एक बार यूरोपीय मृत्यु दर में अंतर को नियंत्रित कर लिया गया तो अफ्रीका या भूमध्य रेखा के करीब के देशों में आय कम नहीं रही। जैसा कि उन्होंने कहा, तुलनात्मक विकास की औपनिवेशिक उत्पत्ति संस्थागत ताकत की सत्ता में एक उल्लेखनीय अंतर्दृष्टि की तरह थी। तब से उन्होंने अपने विश्लेषण को कई क्षेत्रों में विस्तारित किया है। इसमें कृषि स्वामित्व, मताधिकार का विस्तार और विभिन्न पीढ़ियों में कुलीन सत्ता की उपस्थिति शामिल हैं। परंतु एजेआर का मुख्य तर्क बरकरार रहा है कि भाग्य या जीन नहीं बल्कि संस्थागत चयन आर्थिक सफलता के लिए जिम्मेदार हैं। यह दुनिया को लेकर आशावादी नजरिया है और भारत में इसकी सावधानी से पड़ताल होनी चाहिए।

सुरक्षा, गरिमा और समानता के सिद्धांत वैश्विक दूरसंचार मानकों के केंद्र में होने चाहिए : पीएम नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा तकनीकी क्रांति में मानव को केंद्र में रखने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा, गरिमा और समानता के सिद्धांत वैश्विक दूरसंचार मानकों के केंद्र में होने चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी में इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (आईटीयू) की वर्ल्ड टेलीकम्युनिकेशन स्टैंडर्डाइजेशन असेंबली (डब्ल्यूटीएसए) का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यहां तय किए गए मानक आने वाले समय में भविष्य निर्धारित करेंगे। प्रधानमंत्री ने समावेशन के साथ संतुलित नवाचार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य किसी भी देश, समाज और इलाकों को डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन में पीछे नहीं छोड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डिजिटल टेक्नोलॉजी के लिए ग्लोबल फ्रेमवर्क के महत्व को स्वीकार करने का समय आ गया है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारा भविष्य तकनीकी और नैतिक रूप से मजबूत हो।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024' के आठवें संस्करण का उद्घाटन करते हुए कि डब्ल्यूटीएसए का उद्देश्य वैश्विक मानकों पर काम करना है। 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस' की भूमिका सेवाओं से जुड़ी है और दोनों आयोजन वैश्विक मानकों और सेवाओं को एक मंच पर लाते हैं। टेलीकॉम सेक्टर के सुधारों पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में इंटरनेट डेटा की लागत गिरकर 12 सेंट्स प्रति जीबी पर आ गई है, जो कि दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले 10 से 20 गुना सस्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि आज के समय में हर भारतीय औसत 30 जीबी डेटा की खपत करता है। भारत में आज 120 करोड़ से ज्यादा मोबाइल फोन यूजर्स हैं। इसमें से 95 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं। दुनिया में होने वाले डिजिटल लेनदेन में भारत की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत पर पहुंच गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के मुकाबले आठ गुना ऑप्टिकल फाइबर बिछाई है। भारत फ्यूचर रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करके 6जी टेक्नोलॉजी में भी आगे बढ़ रहा है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासन और आईटीयू के महासचिव डोरेन बोगडान-मार्टिन भी उपस्थित थे।

हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 216 और निफ्टी 61 अंक चढ़ा

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी दिन अच्छी शुरूआत के साथ हरे निशान पर खुला है। बीएसई का सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 216.37 अंक या 0.26 प्रतिशत चढ़ने के बाद 82,189.42 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एनएसई का निफ्टी 61.30 अंक या 0.24 प्रतिशत चढ़ने के बाद 25,189.25 पर कारोबार कर रहा है। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1323 शेयर हरे, जबकि 721 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1689 शेयर हरे और 852 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी बैंक 159.70 अंक या 0.31 प्रतिशत चढ़ने के बाद के 51,976.60 पर है। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 79.00 अंक या 0.13 प्रतिशत बढ़ने के बाद 51, 976.60 स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी 100 इंडेक्स 68.60 अंक या 0.26 प्रतिशत चढ़ने के बाद 26,266.50 पर है। सेंसेक्स पैक में इंफोसिस, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स टॉप गेनर्स हैं। वहीं, नेस्ले, टाटा स्टील, एम एंड एम और जेएसडब्ल्यू टॉप लूजर्स हैं। निफ्टी पैक में बीपीसीएल, इंफोसिस, भारती एयरटेल और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स हैं। वहीं, ओएनजीसी, नेस्ले और टाटा स्टील टॉप लूजर्स हैं। एशियाई बाजारों में तेजी देखी जा रही है।

भारत में अमेरिका से आ रहा सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश : आरबीआई

नई दिल्ली। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को लेकर सबसे बड़ा सोर्स अमेरिका बना हुआ है। केंद्रीय बैंक की 2023-24 के लिए भारतीय प्रत्यक्ष निवेश संस्थाओं की विदेशी देनदारियों और परिसंपत्तियों पर जनगणना के अनुसार, एफडीआई को लेकर अमेरिका पहले स्थान पर है। इसके बाद मॉरीशस, सिंगापुर और यूके का नाम आता है। इस जनगणना में 41,653 संस्थाओं ने हिस्सा लिया, जिनमें से 37,407 ने मार्च 2024 तक अपनी बैलेंस शीट में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई) की जानकारी दी। 2023-24 के लिए भारतीय प्रत्यक्ष निवेश संस्थाओं की विदेशी देनदारियों और परिसंपत्तियों पर जनगणना के अनुसार, इन संस्थाओं में से 29,926 ने पिछली जनगणना के दौरान भी सूचना दी थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि प्रतिक्रिया देने वाली संस्थाओं में 97 प्रतिशत से अधिक मार्च 2024 के अंत तक गैर-सूचीबद्ध थीं। ये संस्थाएं अंकित मूल्य पर कुल एफडीआई इक्विटी पूंजी में प्रमुख हिस्सेदार थीं। गैर-वित्तीय कंपनियों का अंकित मूल्य पर एफडीआई इक्विटी में लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा था। वैल्यूएशन गेन के साथ-साथ फ्रेश इनफ्लो से समर्थित, भारत में कुल एफडीआई 2023-24 के दौरान रुपये के संदर्भ में बाजार मूल्य पर 23.3 प्रतिशत बढ़ गया। दूसरी ओर, ओडीआई वृद्धि 3.4 प्रतिशत थी, जो कि बहुत कम रही। पिछले वित्त वर्ष में गैर-सूचीबद्ध संस्थाओं में बाजार मूल्य पर एफडीआई में 17.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। वहीं, सूचीबद्ध क्षेत्र में यह वृद्धि 29.8 प्रतिशत से भी अधिक दर्ज की गई थी। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर जानकारी दी थी। आरबीआई ने कहा कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह 700 अरब डॉलर से ऊपर रहा। आरबीआई के साप्ताहिक बुलेटिन के अनुसार, 4 अक्टूबर तक विदेशी मुद्रा भंडार 701.18 अरब डॉलर रहा, जो पिछले सप्ताह से 3.71 अरब डॉलर कम है।

एन चंद्रशेखरन बोले टाटा समूह पांच वर्षों में विनिर्माण से जुड़ी 5 लाख नौकरियों का सृजन करेगा

नई दिल्ली। टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह अगले पांच वर्षों में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों से जुड़े विनिर्माण क्षेत्र पांच लाख नौकरियां पैदा करेगा। इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट की एक संगोष्ठी में बोलते हुए टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि यदि भारत विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियां पैदा नहीं कर सकता तो वह विकसित राष्ट्र होने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, ... सेमीकंडक्टर में हमारे (टाटा समूह के) निवेश, प्रीसीजन मैन्यूफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में हमारे निवेश के बीच, मुझे लगता है कि हम अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा करेंगे।असम में टाटा समूह के आगामी सेमीकंडक्टर संयंत्र और इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी के लिए अन्य नई विनिर्माण इकाइयों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, हम कई संयंत्र स्थापित कर रहे हैं। हालांकि उन्हें पूरी जानकारी नहीं मिली है, लेकिन चंद्रशेखरन ने कहा कि बुनियादी गणित के आधार पर, इन नौकरियों का कई गुना प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि चूंकि पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित किया जाना है, इसलिए कम से कम 5 लाख कंपनियां- छोटी, मध्यम स्तर की कंपनियां भी पारिस्थितिकी तंत्र में आएंगी। उन्होंने इन पहलों में सरकार के समर्थन की सराहना की और विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, यदि हम विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियां पैदा नहीं कर सकते तो हम विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकते, क्योंकि हम सभी जानते हैं कि हर महीने 10 लाख लोग कार्यबल में शामिल हो रहे हैं। चंद्रशेखरन ने आगे कहा, हमें 10 करोड़ नौकरियां पैदा करने की जरूरत है।

राशिफल

मेष : कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे हो सकते हैं तथा स्थिति सुधरेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभदायक रहेगा।

वृष : स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कोई कारोबारी बड़ा सौदा हो सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन : विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य में सफलता हासिल करेगा। अध्ययन आदि में एकाग्रता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।

कर्क : जोखिम व जमानत के कार्य टालें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते काम बिगड़ सकते हैं।

सिंह : प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।

कन्या : दूर से उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

तुला : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है।

वृश्चिक : फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

धनु : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

मकर : कार्यकारी नए काम मिल सकते हैं। योजना फलीभूत होगी। प्रभावशाली लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कुंभ : अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी संत-महात्मा का आशीर्वाद मिल सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में चैन रहेगा। विवाद से बचें।

मीन : क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

चुटकुले

लड़का - तुम्हें मेरे अंदर सबसे अच्छी बात क्या लगती है?
लड़की - लोग समय के साथ बदल जाते हैं, पर तुम नहीं बदले।
लड़का - वो कैसे?
लड़की - जब मैं तुमसे मिली थी तब भी तुम बेरोजगार थे और आज भी बेरोजगार हो।

शादी में दुल्हन का एक्स बॉयफ्रेंड भी आया था।
दुल्हन का पिता - आप कौन हैं?
एक्स बॉयफ्रेंड - जी मैं सेमीफाइनल में बाहर हो गया था।
अब फाइनल देखने आया हूं।

रोहन - क्या हुआ क्यों उदास बैठे हो?
मोहन - कल एक न्यूज चैनल के एंकर ने कहा था आइए हम आपको गोवा लेकर चलते हैं। तभी से तैयार बैठा हूं, कोई आया ही नहीं।

रोचक तथ्यों का करंट

- जंगली शेर एक दिन में करीब 20 घंटे आराम करते हैं।
- एक तुर्की नीतिवचन कहती है : एक शेर हर बहादुर आदमी के दिल में सोता है।
- क्या आप जानते हैं? दुनिया में असली सिंहों से अधिक तो शेरों की मूर्तियां हैं।
- प्राचीन मिस्रियों ने अपनी ताकत, शक्ति और उग्रता के कारण अपने युद्ध देवताओं के रूप में शेरों को सम्मानित किया। मशहूर स्फिंक्स मिस्र की संस्कृति में शेर के कई पौराणिक चित्रणों में से एक है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की, एक पालतू बिल्ली के काटने की तुलना में एक शेर का काटना 30 गुना अधिक जोरदार होता है।
- शेरनियां, पुरुष शेर की तुलना में बेहतर शिकारी होती हैं और एक अपने शिकार के लिए अधिकांश काम वही करती हैं।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की शेरों की भयानक रात दृष्टि होती है वे मनुष्यों की तुलना में प्रकाश के प्रति 6 गुना अधिक संवेदनशील होते हैं! रात में शिकार करते समय यह उन्हें कुछ शिकार प्रजातियों पर एक विशिष्ट लाभ देता है!
- चूंकि शेर की हड्डियां दुर्लभ होती जा रही हैं, शिकारियों ने एशिया में पारंपरिक चिकित्सा की तीव्र मांगों की आपूर्ति के लिए शेर की हड्डियों की तरफ अपना रुख कर लिया हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

16 10 2024 करंट क्राइम

आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन

हेमा मालिनी
अभिनेत्री

परमजीत सिंह

पीहू

माहीन

नीव गौतम

यशी राघव

मीनाक्षी

प्रीति शर्मा

सरिता गिरी

भारती शर्मा

सायबा

प्रवीन कुमार (पार्षद)

सुदेश कश्यप

बृजकिशोर

चौ. सचिन सिंह


हर्ष शर्मा

हर्षित कुमार

आनन्द स्वरूप शर्मा

दिलीप शर्मा

योगेश गुप्ता

कमल सिंह

आलोक पाण्डेय

सुमंत त्यागी

विक्रान्त गोयल

मौहम्मद अबिफ

पूरन बिष्ट

शान प्रधानजी

सैय्यद मौहम्मद

योगेश शर्मा

ऋषभ पोरवाल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

दिल्ली हाफ मैराथन 2024 में शामिल होंगे

जोशुआ चेप्टेगी मुक्तार एड्रिस इलिश मैककोलगन

नई दिल्ली । रविवार को होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन 2024 में पुरुषों की दौड़ में दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता जोशुआ चेप्टेगी, दो बार के 5000 मीटर विश्व चैंपियन मुक्तार एड्रिस और महिलाओं की दौड़ में 10,000 मीटर में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन इलिश मैककोलगन शामिल होंगी।

पेरिस 2024 ओलंपिक में 10,000 मीटर में अपनी जीत से तरोताजा, युगांडा के चेप्टेगी वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में अपनी शुरूआत करने के लिए तैयार हैं और 10,000 मीटर में तीन बार के विश्व चैंपियन रह चुके हैं और हाफ मैराथन में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 59:21 है। उनके शानदार करियर में टोक्यो 2020 ओलंपिक में 5,000 मीटर स्वर्ण और 10,000 मीटर के रजत पदक भी शामिल हैं।

रेस से पहले, चेप्टेगी ने कहाः मैं वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में पदार्पण करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह रेस अपने ऊजार्वान माहौल, तेज कोर्स और बेजोड़ आतिथ्य के लिए जानी जाती है। मैं इसमें पूरी तरह से डूब जाने और एक यादगार प्रदर्शन करने के लिए खुद को प्रेरित करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। इस तरह के प्रतिस्पर्धी लाइन-अप के साथ, यह एक रोमांचक चुनौती होगी, और मैं शीर्ष स्थान से कम कुछ भी हासिल करने का लक्ष्य नहीं रख रहा हूं।

चेप्टेगी का सामना इथियोपिया के मुख्तार एड्रिस से होगा, जो 2022 के बाद वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में वापसी करेंगे। जूनियर स्तर पर खेल के स्टार, एड्रिस ने 2020 में दिल्ली हाफ मैराथन में पदार्पण करते हुए 59:04 के प्रभावशाली रन के साथ चौथा स्थान हासिल किया था। इससे पहले, उन्होंने 2017 और 2019 के दौरान 5,000 मीटर में दो विश्व चैंपियनशिप खिताब जीते थे।

इलिश ने बर्मिंघम में 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता, एक नया गेम रिकॉर्ड बनाया, और 5000 मीटर में रजत पदक जीता।

मैककोलगन के पास 10 किलोमीटर की रोड रेस के लिए यूरोपीय रिकॉर्ड और कई दूरियों के लिए ब्रिटिश रिकॉर्ड हैं। उन्होंने चार ओलंपिक खेलों (2012-2024) में ग्रेट ब्रिटेन और तीन कॉमनवेल्थ गेम्स (2014-2022) में स्कॉटलैंड का प्रतिनिधित्व भी किया है।

उनके पास कई इवेंट में स्कॉटिश रिकॉर्ड हैं और उन्होंने सात राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती हैं, जिससे स्कॉटलैंड के सबसे कुशल धावकों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। पिछले साल, उन्होंने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 65:43 के साथ बर्लिन हाफ-मैराथन जीता था।

बाबर आजम का समर्थन करने पर फखर

जमान को पीसीबी ने भेजा कारण बताओ नोटिस

मुल्तान । इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट श्रृंखला में बाबर आजम को पाकिस्तान के दल से बाहर किए जाने के बाद फखर जमान को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दूसरे और तीसरे टेस्ट से बाबर को बाहर किए जाने की खबर बाहर आने पर फखर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर इस संबंध में टिप्पणी की थी जबकि उस समय तक पीसीबी ने अंतिम दो टेस्ट मैचों के लिए टीम की घोषणा भी नहीं की थी।

फखर ने इस फैसले को चिंताजनक बताते हुए कहा था कि पाकिस्तान के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बाबर को बाहर किया जाना गलत संदेश देगा। फखर ने पीसीबी को खिलाड़ियों को नीचा दिखाने के बजाय उन्हें संरक्षित करने की मांग की थी।

पीसीबी ने इस पोस्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए ईएसपीएनक्रिकइंफो को बताया है कि बोर्ड ने पाकिस्तान में

इस खेल को बदनाम करने के लिए फखर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

पीसीबी ने कहा है कि एक केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी होने के नाते फखर को अपने एंप्लॉयर के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी। ऐसा माना जा रहा है कि पीसीबी फखर द्वारा निजी तौर पर शिकायत न किए जाने को लेकर नाराज है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फखर ने अब तक उस नोटिस का जवाब नहीं दिया है।

आचार संहिता के कथित उल्लंघन पर जुमार्ना फखर के जवाब पर निर्भर करेगा। अभी की स्थिति के अनुसार फखर ने उसके बाद कोई टिप्पणी नहीं की है और उनका पोस्ट अभी भी एक्स पर मौजूद है।

पिछले दो वर्ष से टेस्ट में खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर को बाहर किए जाने के पीछे पीसीबी ने ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला का हवाला देते हुए कहा था कि बाबर को आराम दिया गया है। हालांकि पीसीबी का यह दावा गले उतरने लायक इसलिए भी नहीं था क्योंकि बाबर ने खुद पीसीबी से किसी तरह के आराम की मांग नहीं थी बल्कि वह तो इस समय जारी टेस्ट मैच खेलने के इच्छुक थे। पाकिस्तान इस समय श्रृंखला में 0-1 से पीछे है।

बारिश कर सकती है पहले टेस्ट को प्रभावित

कोहली के प्रदर्शन पर होगी नजर (प्रीव्यू)

बेंगलुरु। बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से टेस्ट सीरीज जीतने के बाद अब भारत की नजर न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज पर है, जिसका पहला टेस्ट बुधवार से बेंगलुरु में खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) के नजरिए से भारत के लिए यह टेस्ट सीरीज काफी अहम है। अगर भारत इस सीरीज को 3-0 से जीतने में सफल होता है तो उन्हें डब्लूटीसी के फाइनल में पहुंचने में काफी आसानी होगी।

वहीं न्यूजीलैंड की टीम की बात करें तो उनका अब तक का एशिया दौरा अच्छा नहीं गया है। श्रीलंका के खिलाफ खेली गयी टेस्ट सीरीज में उन्हें 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन बेंगलुरु में वे एक मजबूत वापसी करने का प्रयास करेंगे और उनकी टीम इस चीज में माहिर भी है।

इस मैच के दौरान बारिश होने की काफी संभावना है। बारिश के कारण

मंगलवार को भारत का अभ्यास सत्र भी रद्द हो गया। पिच को पिछले कई दिनों से ढक कर रखा गया है। अगर मौसम का यही हाल बना रहता है और बादल छाए हुए रहते हैं तो मैच के होने के बावजूद भी यहां स्पिनरों को उस तरह की मदद नहीं मिल पाएगी, जिसकी उम्मीद अक्सर भारतीय पिचों पर की जाती है।

इसके अलावा ऐसे कंडीशन में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। हालांकि एक बात यह भी है कि भारत की एक नजर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर है और ऐसे में उनके गेंदबाजों को तैयारी के लिए अच्छा मौका मिल सकता है।

खबरों में विराट कोहली और टिम साउदी

विराट कोहली का फॉर्म कैसा है, यह समझना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।

मैं चीनी संस्कृति और परंपरा के सम्मान के रूप में लाल रंग पहनता हूं: जोकोविच

शंघाई । जर्सी से लेकर जूते तक लाल रंग के कपड़े पहने 37 वर्षीय नोवाक जोकोविच ने किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरिना में सभी प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी और मैच जीतने के बाद कैमरे के लेंस पर अलग-अलग चीनी अक्षर लिखे, इस तरह उन्होंने एटीपी शंघाई मास्टर्स में चीन के प्रति प्यार दिखाने की अपनी आदत जारी रखी।

जोकोविच ने प्रेस को बताया कि पूरी दुनिया जानती है कि लाल रंग चीन का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा, मैं जानबूझकर ऐसा करता हूं। मैं चीनी संस्कृति और परंपरा के सम्मान के रूप में लाल रंग पहनता हूं। उम्मीद है कि लाल रंग सौभाग्य लाएगा। मैं लाल रंग में अच्छा खेल रहा हूं, इसलिए मैं परंपरा को जारी रखूंगा।

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को शंघाई मास्टर्स के फाइनल में दुनिया के नंबर 1 जानिक सिनर से हारने के बावजूद, जोकोविच ने साबित कर दिया कि उनमें अभी भी उच्च स्तरीय आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता है।

उन्होंने कहा, मेरी मुख्य प्रेरणा

खेल के प्रति बहुत जुनून और प्रतिस्पर्धा जारी रखने की इच्छा से आती है। ऐसे कई मैच और चुनौतियां हैं जिनके लिए मैं अभी भी प्रयास करता हूँ ताकि मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ सबसे बड़े टूर्नामेंट के फाइनल के सबसे बड़े मंच पर खेल सकूं। चार शंघाई मास्टर्स खिताब जीतने के बाद, जोकोविच ने चीनी प्रशंसकों के बीच अपनी पहचान बना ली है। जोकोविच ने कहा, पांच साल हो गए हैं, अपने करियर में सबसे खुशियों वाली जगहों में से एक पर वापस आकर, एक ऐसा देश जहां मुझे टेनिस कोर्ट पर काफी सफलता मिली, कई खिताब जीते, शानदार यादें बनीं।

चीन में प्रशंसकों से मिले शानदार समर्थन ने सर्बियाई स्टार पर गहरी छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा, वे शायद सबसे अनोखे, सबसे भावुक प्रशंसक हैं और इतने समर्पित हैं, रोजाना आपका इंतजार करते हैं और वास्तव में आपको बहुत प्यार और ऊर्जा देते हैं। जोकोविच ने चीन में टेनिस के विकास पर भी पूरा ध्यान दिया है। पुरुष एकल के लिए पेरिस ओलंपिक चैंपियन के रूप में, जोकोविच ने खुलासा किया कि वह झेंग किनवेन के बड़े प्रशंसक हैं, जिन्होंने महिला एकल में स्वर्ण पदक जीतकर चीन के लिए इतिहास रच दिया।

जोकोविच ने कहा, वह बहुत युवा है। उसने इस साल ओलंपिक खेलों में चीन को गौरवान्वित किया। वह स्वर्ण पदक लेकर आई, मुझे लगता है कि चीन के लिए टेनिस में यह पहला पदक है, इसलिए यह बहुत बड़ी बात है। वह एक बेहतरीन इंसान है और एक बहुत अच्छी खिलाड़ी है जो लगातार बेहतर होती जा रही है। कोर्ट के बाहर हमारे बीच अच्छे संबंध हैं और जब भी हमें मौका मिलता है, हम बातचीत करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब भी झेंग उनसे सलाह चाहती हैं, तो वह उनके लिए उपलब्ध हैं।

जोकोविच ने झांग झिझेन को सबसे सफल पुरुष चीनी खिलाड़ी भी बताया। वह रैंकिंग में ऊपर चढ़ रहा है और वह अन्य खिलाड़ियों को यह विश्वास दिलाने में भी मदद कर रहा है कि वे उच्च रैंकिंग तक पहुंच सकते हैं।

टेनिस के दिग्गज चीनी टेनिस के भविष्य को लेकर आशावादी हैं।

जोकोविच ने कहा, मुझे लगता है कि चीनी मानसिकता ऐसी है कि जब वे किसी चीज के लिए समर्पित होते हैं, तो आप देख सकते हैं कि कड़ी मेहनत करना यहां कोई मुद्दा नहीं है।

बुमराह के पास अच्छा दिमाग है, वह खेल को अच्छी तरह समझते हैं' : रोहित

बेंगलुरु । भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए टेस्ट उप-कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताया।

बुमराह ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में ज्यादा कप्तानी नहीं की है, लेकिन रोहित ने बताया कि वह नेतृत्व समूह का हिस्सा थे और उन्होंने अतीत में कभी-कभी भारत का नेतृत्व भी किया है। बुमराह ने काफी क्रिकेट खेला है।

मैंने उनके साथ काफी क्रिकेट खेला है। वह खेल को अच्छी तरह समझते हैं। उनके पास अच्छा दिमाग है। जब आप उनसे बात करते हैं, तो वह खेल को अच्छी तरह समझते हैं।"

रोहित ने बारिश के कारण भारत के प्रशिक्षण सत्र में बाधा आने के बाद मैच से पहले प्रेस मीट में संवाददाताओं से कहा, रणनीतिक रूप से, मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकता क्योंकि उन्होंने ज्यादा कप्तानी नहीं की है। मुझे लगता है कि वह एक टेस्ट मैच और कुछ टी20 मैचों में कप्तान थे।"

बुमराह को पिछले साल एशिया कप से पहले चोट के बाद वापसी करते हुए आयरलैंड टी20 सीरीज का कप्तान नियुक्त किया गया था। 2022 में, उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित टेस्ट में भी भारत का नेतृत्व किया।

रोहित ने कहा, वह समझते हैं कि क्या आवश्यक है। जब आप ऐसी स्थिति में होते हैं जहां आपको आगे बढ़ने के लिए एक लीडर की आवश्यकता होती है, तो मुझे लगता है कि बुमराह उनमें से एक होंगे। इसलिए, अतीत में, वह हमेशा हमारे नेतृत्व समूह में रहे हैं।

सलामी बल्लेबाज ने कहा कि बुमराह टीम में युवा तेज गेंदबाजों के लिए वास्तव में सलाहकार हैं। चाहे वह टीम में शामिल हुए गेंदबाजों से बात करना हो, या टीम के साथ आंतरिक रूप से चर्चा करना हो कि टीम के रूप में आगे कैसे बढ़ना है, वह हमेशा उस नेतृत्व समूह का हिस्सा रहे हैं।"

रोहित ने कहा, इसलिए, यह सही बात है कि उन्हें गेंदबाजों से बात करने और टीम को आगे ले जाने के बारे में आंतरिक रूप से चर्चा करने के लिए बुलाया जाए।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट बुधवार से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

शमी को लगी एक और चोट, रोहित ने की पुष्टि

बेंगलुरु । भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने पुष्टि की कि मोहम्मद शमी की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी और भी अधिक विलंबित हो सकती है, क्योंकि उन्हें हाल ही में एक और चोट लगी है।

इस साल फरवरी में शमी के दाहिने (एचिलीस टेंडन) पैर की सर्जरी हुई थी, अब उनके घुटने में सूजन आ गई है, जिससे उनकी रिकवरी में देरी हो रही है। रोहित के अनुसार, अभी यह कहना मुश्किल है कि वह इस सीरीज या ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए फि ट होंगे या नहीं। हाल ही में उन्हें एक और चोट लगी है, उनके घुटने में सूजन आ गई, जो काफी असामान्य है।

वह फि ट होने की प्रक्रिया में थे और लगभग फि ट भी हो गए थे, लेकिन उनके घुटने में सूजन आ गई है। इससे उनकी रिकवरी में थोड़ी देरी हुई है, और उन्हें फिर से शुरूआत करनी पड़ेगी।

शमी ने आखिरी बार 2023 वनडे विश्व कप में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला था, जहां उन्होंने 7 मैचों में 24 विकेट लेकर भारत को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने विश्व कप के दौरान दर्द के बावजूद खेलते हुए अपने टखने का इलाज इंजेक्शनों से करवाया था।

शमी ने इस साल की शुरूआत में लंदन में सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उनका रिहैब भी अच्छा गुजर रहा था। वह अगले महीने शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की ऑस्ट्रेलिया सीरीज में चयन के लिए उपलब्ध हो जाते, लेकिन उनकी ताजा चोट ने उनकी वापसी के प्लान को एक बड़ा धक्का दिया है।

रोहित ने यह भी पुष्टि की कि शमी इस समय एनसीए (नेशनल क्रिकेट अकादमी) में फिजियोथेरेपिस्ट और डॉक्टरों के साथ काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, अभी वह एनसीए में हैं। वह फिजियो और डॉक्टरों के साथ काम कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि वह 100 प्रतिशत फिट हो जाएं। हम किसी भी हाल में उन्हें ऑस्ट्रेलिया में आधी-अधूरी तैयारी के साथ नहीं ले जाना चाहते, यह हमारे लिए सही निर्णय नहीं होगा।

करीब एक साल से शमी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है।

भारत में जीतना कठिन है लेकिन हम अपनी शैली के साथ खेलेंगे : रचिन रविंद्र

रविंद्र ने भारत में 2023 वनडे वर्ल्ड कप में जबरदस्त प्रदर्शन किया था

बेंगलुरु । न्यूजीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज रचिन रविंद्र का मानना है कि भारत में टेस्ट सीरीज जीतना एक बेहद कठिन कार्य है। हालांकि उन्हें उम्मीद है कि हाल ही में भारत में उनके सफेद गेंद क्रिकेट में मिली सफलता और न्यूजीलैंड का हाल ही में उपमहाद्वीप में खेलने का अनुभव उन्हें 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद कर सकता है।

रविंद्र ने भारत में 2023 वनडे वर्ल्ड कप में जबरदस्त प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने दस पारियों में 578 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और दो अर्धशतक शामिल थे। इसके बाद उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ आईपीएल अनुबंध मिला, और रविंद्र अचानक सुर्खियों में आ गए।

रविंद्र ने कहा, हालांकि ये अलग प्रारूप हैं, लेकिन इससे आपको इस बात से आत्मविश्वास मिलता है कि आप यहां अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। हालांकि एक बात यह भी है कि

परिस्थितियां संभवतः अलग होंगी। मुझे लगता है कि यह ज्यादा भीड़ को संभालने और लोगों की अपेक्षाओं को मैनेज करने के बारे में है, क्योंकि हम जानते हैं कि भारतीय लोग क्रिकेट के प्रति कितने जुनूनी हैं।

हालांकि अगर आप एक फॉर्मेट में अच्छा करते हैं तो दूसरे प्रारूप में भी आपको आत्मविश्वास मिलता है साथ ही मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से एक अलग चुनौती है और मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रहा हूं।

रविंद्र ने कहा, भारत हमेशा एक गुणवत्ता वाली टीम रही है।

भारत वापस आना और यहां खेलना हमेशा खास होता है। वे दोनों टूर्नामेंट (वनडे वर्ल्ड कप और आईपीएल)] अद्भुत थे। यहां दर्शकों का उत्साह, जुनून और हलचल एक अलग ही स्तर का होता है। इसलिए मैं यहां तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बहुत उत्साहित हूं।

टेस्ट करियर की थोड़ी धीमी शुरूआत के बाद रविंद्र ने 2024 में सबसे लंबे प्रारूप में काफी सफल वर्ष बिताया है। उन्होंने छह टेस्ट मैचों में 49.91 की औसत से 599 रन बनाए हैं, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 240 का सर्वोच्च स्कोर भी शामिल है।

हालांकि यह बात न्यूजीलैंड के बारे में नहीं कही जा सकती, जिनकी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) की मुहिम साल की शुरूआत में दूसरे दर्जे की दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ मिली दो जीत के बाद उतनी सफल नहीं रही। उन्होंने घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवाई, फिर श्रीलंका में 2-0 से हार का सामना किया। इस डब्लूटीसी चक्र में स्पिन ने काफी हद तक न्यूजीलैंड को मुश्किल में डाला है, लेकिन रविंद्र श्रीलंका सीरीज से मिली सीख और सकारात्मक बातों को साथ लेकर चलना चाहते हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी टीम भारत में बेहतर प्रदर्शन कर सकेगी।

रविंद्र ने कहा, भारत हमेशा एक गुणवत्ता वाली टीम रही है। मुझे लगता है कि वे जो क्रिकेट खेलते हैं, वह बहुत ही सकारात्मक है। खासकर अपनी परिस्थितियों में वे काफी अच्छा खेलते हैं। उन्हें यहां खेलने का तरीका पता है। वे इन विकेटों पर खेलते हुए बड़े हुए हैं और उनके खिलाड़ियों का पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से विकास हुआ है, वह अद्भुत है।

हमारे लिए यह अपनी सच्चाई को अपनाने के बारे में है। मुझे लगता है कि हमने श्रीलंकाई श्रृंखला के दौरान कुछ क्षेत्रों में वास्तव में अच्छा किया। जाहिर है कि हमें वहां जीत-हार के कॉलम में गलत स्थिति का सामना करना पड़ा, लेकिन मुझे लगता है कि एक समूह के रूप में ऐसे समय थे ।

जब हमने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला टेस्ट एक करीबी मुकाबला था। हमने पिछले कुछ समय से उसी तरह से क्रिकेट खेला है, जैसा हम खेलना चाहते थे।

नेशंस लीगः जर्मनी क्वार्टर फाइनल में, फ्रांस ने बेल्जियम को हराया, इटली ने जीत दर्ज की

नई दिल्ली। जर्मनी ने नीदरलैंड को 1-0 से हराकर प्रारंभिक दौर की समाप्ति से दो मैच पहले यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में सुरक्षित प्रवेश किया।

डेब्यूटेंट जेमी लेवलिंग की फिनिश ने जर्मनी को ग्रुप ए3 में शीर्ष दो पक्षों में से एक के रूप में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सक्षम बनाया।

23 वर्षीय लेवलिंग ने घंटे के तुरंत बाद एक कॉर्नर के बाद एक ढीली गेंद पर छलांग लगाई। मैक्सिमिलियन मिटेलस्टैड और टिम क्लेइंडिएन्स्ट ने पहले हाफ में बार्ट वब्रुगेन का परीक्षण किया।

रोनाल्ड कोमैन के मेहमान दो बार समापन चरणों में करीब पहुंचे, जावी सिमंस की स्ट्राइक क्रॉसबार को छू गई, इससे पहले कि सब्सटीट्यूट डोनियल मालेन ने गोलकीपर ओलिवर बाउमन का सर्वश्रेष्ठ निकाला।

खेल से पहले, विश्व चैंपियन मैनुअल नेउर, थॉमस मुलर और टोनी क्रूस, साथ ही इल्के गुंडोगन, जो डीएफबी टीम से सेवानिवृत्त हो चुके

थे और जिन्होंने स्कॉटलैंड (5:1) के खिलाफ यूरोपीय चैम्पियनशिप के शुरूआती मैच में खेला था, को शानदार तालियों के साथ भावपूर्ण विदाई दी गई।

दूसरी ओर, रैंडल कोलो मुआनी ब्रुसेल्स में फ्रांस के लिए स्टार थे, क्योंकि लेस ब्लेस ने अपने नेशंस लीग के मैच में 2-1 से जीत के साथ बेल्जियम के खिलाफ अपने जीत के क्रम को सात प्रतिस्पर्धी मैचों तक बढ़ाया।

उद्यमियों से रंगदारी मांगने वाले गैंगस्टर खलील चौधरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

लिंक रोड पुलिस ने की कार्रवाई

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लिंक रोड थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी खलील चौधरी निवासी महाराजपुर थाना लिंक रोड को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि खलील चौधरी व उसके साथी हाजी आरिफ महाराजपुर एक संगठित गैंग चलते हैं। साथ ही संचालित बैंक्विट हॉल, फैक्ट्री मालिकों और अन्य लोगों पर आरटीआई डालकर वह दबाव में लेते हैं।

वहीं कार्रवाई के लिए धोखाधड़ी करते हुए पैसे मांगते हैं। इस मामले की शिकायत बीते दिनों इलाके के व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को भी की थी। जिसके बाद लिंक रोड थाना पुलिस ने एक्शन लिया है। पुलिस ने चौधरी खलील उम्र 45 को गिरफ्तार किया है।

इलाके के व्यापारी रहते थे गैंग से अलर्ट

करंट क्राइम। पुलिस से जानकारी मिली है कि गिरफ्तार अभियुक्त खलील पर लिंक रोड थाना में धोखाधड़ी, अवैध वसूली, गैंगस्टर सहित कुल मिलाकर चार मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस ने बताया है कि इलाके के कई व्यापारी होटल संचालकों, फार्म हाउस के मालिक, इस गैंग से अलर्ट रहते थे। उनके द्वारा इन लोगों से भी कई बार रंगदारी वह पैसे मांगे गए हैं। उधर पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। तो वहीं चौकी प्रभारी महाराजपुर और थानाध्यक्ष लिंक रोड प्रीती का स्थानीय व्यापारियों ने धन्यवाद भी दिया है।

राष्ट्रीय लोकदल ने बैठक का आयोजन एवं कार्यालय का उद्घाटन किया

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राष्ट्रीय लोकदल की महिला प्रदेश उपाध्यक्ष दीपमाला चौधरी के नेतृत्व में बैठक का आयोजन संपन्न हुआ तथा महिला रालोद पार्टी कार्यालय वसुंधरा का उद्घाटन मुख्य अथिति महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने फीता काटकर किया। दीपमाला ने महिला जिला कार्यकारिणी को निर्देशित किया कि सभी अपने अपने क्षेत्र गांव में नुक्कड़ सभाएं लगाना शुरू करें। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह तथा स्व चौधरी अजीत सिंह की विचार धारा और उनके द्वारा देश में किसान मजदूर शोषित वर्ग के लिए किए गए अभूतपूर्व विकास व प्रेरणात्मक कार्यों का प्रचार प्रसार करें। केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के कुशल नेतृत्व में युवाओं को जोड़ें, महिलाओं की पार्टी में ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अगले तीन महीने के अंदर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सभी जिला कार्यकरिणी पूर्ण कर ली जाएगी सभी महिलाओं ने नव नियुक्त महिला प्रदेश उपाध्यक्ष का फूलमालाओं से स्वागत किया।

महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने कहा कि दीपमाला सक्रिय महिला हैं पार्टी को मजबूती मिलेगी, मौके पर दीपा शिरोही ,प्रज्ञा बाल्यान , आशु वालिया गुरुप्रीत कौर ,शिखा भटनागर,रोजी शर्मा ,नीतू सिंह ,सुनीता श्रीवास्तव,गीता चौधरी,शालू आदि उपस्थित रहे।

जो निकालते थे खोट उसने बताये लखनऊ वाले रेट विद ब्लैक कोट

जल से लेकर वायु तक सब जानते हैं कि बेईमानी की आयु लंबी नही होती और बदनामी का ढोल बजता बहुत तेज हैं। जब जिक्र उनके नाम का चला तो पहले फूल वालों को ही यकीन नही आया। फिर उन्होने गैस लगाया कि ऐसा कैसे हो सकता है और फिर सीन में पानी में सब कुछ नजर आ गया। बताने वाले बता रहे हैं कि पहली वाली जिम्मेदारी से फारिग होने के बाद वो फिलहाल कुछ करें ना करें लेकिन सरकारी जिम्मेदारी वाली गारंटी का काम देख रहे हैं। अब पूछने वाले भी कम नही हैं और वो भी गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक मार्किट रेट टटोल रहे हैं तब जाकर जुबान खोल रहे हैं। बताने वाले बता रहे हैं जो कल तक हर एक में खोट निकालते थे अब वो सरकारी जिम्मेदारी वाले ब्लैक कोट के रेट बता रहे हैं। सुना है कि दो पेटी की डिमांड हैं और सीन पारदर्शी रहें इसलिये बताया जाता है कि चाहें तो आप खुद दे दो चाहे तो हमें दे दो मगर समझ लो कि एक पेटी तो लखनऊ में वहां दिया जाना है और एक पेटी गाजियाबाद में यहां दिया जाना हैं। गैस लगाने वालों ने गैस कर लिया है कि जल वाले ही इस पहेली का हल हैं। कहने वाले ने कहा कि उन पर संगत की रगंत आई है वर्ना वो पहले तो ऐसे न थे।

दरअसल उस्ताद ने खलीफा बना कर उतारा हैं एक अहसान

रिमोट वालों के सिर पर खलीफा की पगड़ी बंध गई और जेनरेटर वालों के सिर पर भी ये ताज आया। जो पगड़ी दशहरे के दिन पूरी खलकत के सामने बंधती थी वो ऐसे चुपचाप क्यों बंधी। इस सवाल पर इंटरनल बवाल भी मच रहा है और कोष वाले चौधरी के भाई ने तो रोष में आकर अपनी खलीफा वाली पदवी ही बेअदबी के आरोप में उस्ताद को लौटा दी। राम की लीला वालों ने ही कहा कि उस्ताद ने जनरेटर वालों को खलीफा बना कर कोई अहसान नही किया है। खलीफा बनने से उनका कौन सा वजीफा बंध गया। पता चला कि दरअसल उस्ताद ने खलीफा बना कर एक अहसान उतारा हैं। उस्ताद कुछ महीने पहले अपने सन की वजह से बड़ी टेंशन में आ गये थे। सुना है कि जेल जाने वाला भी सीन हो गया था। अब जेनरेटर वालों में फुल करंट हैं और लोकसभा उनके हाथ में है। बताते हैं कि उस्ताद को उन्होने टेंशन मुक्त कराया था। उस्ताद के पास और तो कुछ था ही नही देने को तो उन्होने खलीफा वाला ताज उनके सिर पर रख कर सबकी खिलाफत मोल ले ली। इस ताज से सब नाराज कर लिये मगर प्रतिनिधि साहब तो खुश कर लिये। राम वाले भी कम नही हैं और वो कह रहे हैं कि चलो माना कि उस्ताद ने उस्तादी दिखा दी और दिल्ली गेट वालों के सिर पर खलीफा की पगड़ी बंधवा दी मगर एक्सपायर्ड कमेटी के टेंपरेरी महामंत्री ने ऐसा क्या कर दिया जो उन्हे भी बोनस में ये पद थमा दिया। वैसे उस्ताद का कुछ बिगड़ने वाला नही है क्योंकि पद तो लाइफ टाईम हैं और रिजाईन बाबा से मांगा जा सकता हैं लेकिन उस्ताद से नही।

समाजवादी साईकिल का आया 15 हजार का हैप्पी बर्थडे बिल

फूल वाले भले ही बैंकटहॉल बुक करा कर अपने अपने जन्मदिन मना रहे हैं लेकिन साईकिल वाले भी कम नही हैं। जन्मदिन की उनके यहां भी पूरी बहार हैं और बर्थडे वाला लीडर कहते ही दावत देने को तैयार हैं। किस्सा साईकिल वाले गुर्जर भैया से जुड़ा है। समाजवादियों को पता चला कि उनका बर्थडे हैं तो हैप्पी के साथ दावत की डिमांड और साईकिल वालों ने कृष्णासागर की तरफ कूच कर दिया। जैसे ही पता चला कि दावत का सीन हैं तो बाकी के भी वन बाई वन पहुंच गये। सुना है कि ये खाऊंगा वो खाऊंगा के बीच बिल आ गया 15 हजार के करीब। अब छोटे से बर्थडे के बड़े बिल का चर्चा साईकिल वालों में ही हैं और दावत देने वाले के भी बड़े दिल की चर्चा समाजवादियों में।

खोड़ा पुलिस ने गाजियाबाद में 97 लाख रुपए की पुरानी करेंसी पकड़ी

हो रहीं है जांच कहा से आये पुराने नोट

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद पुलिस ने एक प्रॉपर्टी डीलर को 97 लाख रुपए की पुरानी करेंसी सहित पकड़ा है। ये भी 500-500 रुपए के नोट थे, जो 8 नवंबर 2016 को ही चलन से बाहर हो चुके हैं। पता चला है कि ये नोट 15 फीसदी कमीशन पर बदलने थे। पानीपत के ब्रोकर की तलाश जारी है, जो इस चेन का महत्वपूर्ण किरदार बताया जा रहा है। जयपुर का युवक पकड़ा, दो साथी फरार खोड़ा थाने के रलड आनंद प्रकाश मिश्र ने बताया- सोमवार देर शाम वाहन चेकिंग के दौरान एक कार पकड़ी। भवानी सिंह निवासी जयपुर को मौके से पकड़ा गया। जबकि उसके साथी नरेंद्र गिल निवासी राजस्थान और मनजीत मान निवासी पानीपत फरार हो गए। भवानी सिंह से पुलिस को एक बैग मिला। इस बैग में 97 लाख रुपए के पुराने नोट रखे हुए थे। तीनों युवक प्रॉपर्टी के कारोबार से जुड़े हुए हैं।

पानीपत के मनजीत को देना था ये पैसा

पूछताछ में भवानी सिंह ने बताया- मैं कैरियर के रूप में काम करता हूं। मेरा काम लोगों से पुराने नोट इकट्ठा करना होता है। इसके बाद ये पैसा पानीपत के मनजीत मान तक पहुंचता है। मनजीत से आगे की चेन शुरू होती है। पुराने नोट के बदले हमें 15 फीसदी कमीशन मिलता है।

फिलहाल ये पता नहीं चल पाया है कि 97 लाख रुपयों का मालिक कौन है। भवानी सिंह ने पुलिस को बताया है कि गाजियाबाद के एक व्यक्ति ने पुराने नोट देने के लिए उन तीनों को यहां बुलाया था।

इनकम टैक्स ने पल्ला झाड़ा

एसएचओ का कहना है कि थाना खोड़ा में इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमे में गिरफ्तारी का प्रावधान नहीं है। पुलिस ने इनकम टैक्स को भी सूचना भेजी। इनकम टैक्स ने ये कहकर पल्ला झाड़ लिया कि जब नोट ही चलन से बाहर हो चुके हैं तो इसमें विभागीय जांच की अब कोई जरूरत नहीं है।

पांच गुना जुमार्ना वसूलने का है प्रावधान

एसएचओ आनंद प्रकाश मिश्रा ने बताया- फिलहाल इस पैसे को मालखाने में सुरक्षित रखवा दिया गया है। कानून के मुताबिक, नोटबंदी के बाद यदि कोई व्यक्ति पुराने नोटों संग पकड़ा जाता है तो उससे बरामद रकम का पांच गुना जुमार्ना वसूला जाएगा। इसलिए 97 लाख रुपए किसके हैं, उस व्यक्ति की तलाश की जा रही है। इसके अलावा पानीपत के मुख्य ब्रोकर मनजीत की भी तलाश जारी है।

क्रांतिमूर्ति स्वतंत्रता सेनानी दुर्गा भाभी कि पुण्यतिथि मनाई

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। श्याम पार्क मेन कॉलोनी में स्थित आर्यन एकेडेमी जूनियर हाई स्कूल ने क्रांतिकारी वीरांगना दुर्गा भाभी की जयंती व पुण्यतिथि को ह्यदुर्गा भाभी स्मृति सप्ताहह्व के रूप में मनाया। दुर्गा भाभी गाजियाबाद शहर की ही निवासी थी और वर्ष 1999 में यहीं उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। आज कार्यक्रम के समापन के अवसर पर स्कूल निदेशक संजीव गौड़ ने बताया कि दुर्गा भाभी एक बंगाली सम्पन्न परिवार में पैदा हुईं, और उनके पति भगवती चरण बोहरा भी एक सम्पन्न पारिवारिक पृष्ठभूमि से थे इसके बावजूद उनके पति का जीवन हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य के रूप में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लड़ रहे देश के नामी-गिरामी क्रांतिकारियों के साथ बीता। यही कारण रहा कि चंद्रशेखर आजाद और भगतसिंह सहित सभी क्रांतिकारी उन्हें दुर्गा भाभी के नाम से पुकारते थे। दुर्गा भाभी देश के प्रमुख क्रांतिकारियों के बीच एक सेतु कि तरह काम करते हुए उन्हें हथियार इत्यादि उपलब्ध कराती थीं। ब्रिटिश हुकूमत ने उन्हें कई वर्ष नजरबंद भी रखा। ह्यदुर्गा भाभी स्मृति सप्ताहह्व के दौरान कक्ष आठ के छात्र आदित्य ने अपने हाथों से सिर्फ पेंसिल कि मदद से दुर्गा भाभी का एक चित्र बनाया और स्कूल को भेंट कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर परिशा भारद्वाज, कुमकुम चपराना, आयुष, सिमरन सिंह, परिधि ठाकुर, भावना शर्मा, डॉ. गीता आदि मौजूद रहे।

नोएडा में 16.95 करोड़ के फ्रॉड मामले में 1 गिरफ्तार

नोएडा। सेक्टर-62 स्थित नैनीताल बैंक के आरटीजीएस (रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट) चैनल को हैक करके 16.95 करोड़ रुपए की जालसाजी मामले में साइबर थाने की पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में यह दूसरी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार आरोपी के खातों में 1.97 करोड़ रुपए ठगी के आए थे। साइबर टीम इस गिरोह के अन्य जालसाज के बारे में पता लगा रही है।

एडीसीपी साइबर प्रीति यादव का कहना है कि 16 जुलाई को नोएडा के सेक्टर-62 स्थित नैनीताल बैक के आईटी मैनेजर सुमित कुमार श्रीवास्तव ने साइबर थाने में शिकायत की थी कि बैंक में जून महीने में बैलेंस शीट का मिलान किया जा रहा था। 17 जून को आरबीआई सेटलमेंट आरटीजीएस खाते के नियमित समाधान के दौरान बैलेंस सीट में 3 करोड़ 60 लाख 94 हजार 20 रुपए का अंतर पाया गया था।

निजी स्कूल में 4 साल की छात्रा के साथ अश्लील हरकत

रोते हुए बोली: जो भैया प्लेट देते हैं उन्होंने गंदी हरकत की, अब अनजान को देखकर चीख रही

नोएडा (करंट क्राइम)। नोएडा के एक प्राइवेट स्कूल में साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ डिजिटल रेप हुआ। घटना के बाद से बच्ची सहमी हुई है। कुछ दिनों से बच्ची स्कूल नहीं जा पा रही थी और गुमसुम रहने लगी थी। बच्ची के पिता उसे लेकर डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर ने जो बताया उससे परिजनों के होश उड़ गए। डॉक्टर ने बताया- उनकी बेटी के प्राइवेट पार्ट में किसी ने छेड़छाड़ की है। प्यार से जब परिजनों ने बच्ची से घटना के बारे में पूछा तो बच्ची ने बताया कि स्कूल में जो भैया प्लेट देते हैं, उन्होंने दो दिन पहले गंदी हरकत की। कुछ चुभाया था। तभी से दर्द हो रहा है। किसी से बताने पर मारने की धमकी दी थी।

सेक्टर-27 स्थित स्कूल में पढ़ती है बच्ची

पुलिस को दी गई शिकायत में गोरखपुर निवासी बच्ची के पिता ने बताया- वह परिवार के साथ नोएडा में रहते हैं। उनकी तीन साल सात महीने की बेटी सेक्टर-27 स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। दरिंदगी स्कूल परिसर के अंदर हुई। परिजनों ने 10 अक्टूबर को सेक्टर-20 थाने में शिकायत दी। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी कर्मचारी निठारी निवासी नित्यानंद को गिरफ्तार कर लिया है।

अब बच्ची किसी भी अनजान को देखकर रो रही

केस दर्ज होने के बाद आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी स्कूल में सफाई का काम करता है और उसकी भर्ती आउटसोर्सिंग के जरिए कुछ महीने पहले ही हुई थी। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद से बच्ची सहमी है। किसी भी अनजान व्यक्ति को देखकर रोने लगती है।

नोएडा में खेली जाएगी 1 लाख इनाम की कुश्ती

नोएडा (करंट क्राइम)। ऋषि पाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा कराए जाने वाले दंगल में इस बार 4.50 लाख रुपए से ज्यादा के इनाम बांटे जाएंगे। ऋषि पाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा नोएडा में आयोजित किए जाने वाले इस दंगल में सबसे बड़ी इनामी कुश्ती 1 लाख रुपए की होगी। इसके अलावा इस दंगल में महिला पहलवानों की भी कुश्ती होगी। ऋषि पाल मेमोरियल ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा सेक्टर-15 में स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता में ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी चौधरी अतर सिंह व चौधरी धर्मवीर सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 29 सालों से ऋषि पाल मेमोरियल ट्रस्ट नोएडा द्वारा खेल ही नहीं अन्य क्षेत्रों में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। 16 अक्टूबर 1994 में ऋषि पाल आर्य की एक सड़क हादसे में दुखद मृत्यु हो गई थी। ऋषि पाल आर्य की याद में ही 29 सालों से 16 अक्टूबर को ऋषि पाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा दंगल का आयोजन किया जाता रहा है। इस बार 16 अक्टूबर 2024 को ऋषि पाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा दंगल का आयोजन किया जाएगा। दंगल का आयोजन सेक्टर-15 में किया जाएगा।

इस दंगल में करीब 100 कुश्तियां कराई जाएगी। जिसमें ऋषि पाल गोल्ड कप टाइटल कुश्ती का इनाम एक लाख रुपए होगा। उप विजेता को 51 हजार रुपए तथा तीसरे स्थान पर आने वाले पहलवान को 21000 और चौथे स्थान पर आने वाले पहलवान को 11000 का ईनाम दिया जाएगा। ऋषि पाल मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी चौधरी अतर सिंह ने बताया कि इस दंगल में महिला व बाल पहलवानों की भी कुश्ती होगी। जिसमें दूर-दराज से आए पहलवान हिस्सा लेंगे।

छह थानाक्षेत्रों को मिली आक्सीजन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के छह थानाक्षेत्र के लिए कहा जा रहा है कि आगामी कुछ दिनों के लिए उनके क्षेत्र को ऑक्सीजन मिल गई है। यहां अब जो भी कार्रवाई होगी वह चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर होगी, ऐसा सुनने में आ रहा है। वहीं सर्किल वाले साहब लोगों से लेकर थाने वाले प्रभारी और चौकी के इंचार्ज को थोड़ी राहत मिल सकती है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले यह ऑक्सीजन मिली हो लेकिन इनके ऊपर चुनावी आचार संहिता का डंडा भी सबके ऊपर रहेगा। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि विधानसभा उपचुनाव में जहां एक थाना देहात जोन का शामिल हो गया है। तो वहीं पांच सिटी थानाक्षेत्र का इलाका लग रहा है। मंगलवार को पुलिस कमियनरेट में वो सब काम बहुत तेजी से अंजाम दिए गए हैं जो लंबे समय से थोड़ा लेट हो रहे थे। देखना होगा कि आने वाले दिनों में इन थानाक्षेत्रों में कैसे-कैसे मामले और प्रकरण आते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद के सूत्रों ने जानकारी दी है कि मंगलवार को सुबह करीब 12 बजे से ही पुलिस लाइन स्थित चुनाव सेल वाला कार्यालय एक्टिव मोड पर आ गया था। जिसके बाद कई सर्किलों के थानों के प्रभारियों पर भी चुनावी जानकारी जुटाने के लिए फोन कॉल आनी शुरु हो गई थी। प्रत्येक थानाक्षेत्र में आने वाले बूथों की संख्या से लेकर केंद्र की संख्या और अति संवेदनशील से लेकर संवेदनशील केंद्रों की जानकारी जुटाना का काम शुरू कर दिया गया है। वहीं थानों के प्रभारियों ने अपने-अपने थाने में टू और थ्री-स्टार को चुनाव सेल का प्रभारी और मुंशी को चुनावी वर्किंग का काम सर्चिंग के लिए दे दिया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि आचार संहिता की घोषणा होने से पहले सिटी जोन में कुछ लोगों के लिए तस्करा भी डाला गया है। तो इसी के साथ जिनका रवानगी का आदेश था उनको भी कार्य मुक्त कर दिया गया है। कुल मिलाकर अब देखना होगा कि चुनावी आचार संहिता के बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत विधानसभा उपचुनाव में पुलिसिंग का क्या हाल रहता है। कौन से अधिकारी की इस दौरान सबसे ज्यादा डिमांड रहती है और सिटी जोन वालों के जिम्में और क्या-क्या जिम्मेदारी आती है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि छह थानाक्षेत्रों के लिए यह चुनावी ऑक्सीजन है जो उनकी दीपावली का गिफ्ट बन सकती है।

पुलिस की गिरफ्त में 25 हजार का इनामी, 2 साल से चल रहा था फरार

नोएडा (करंट क्राइम)। ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस ने पुलिसकर्मी से कार लूट करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश करीब 2 साल से फरार चल रहा था।

इस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। इसके गिरोह के बाकी सात सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। थाना बीटा-2 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से लूट के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश जीत लहरी को थाना क्षेत्र के एटीएस गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश बड़े ही शातिर किस्म का लुटेरा है। इसने साथियों के साथ मिलकर साल 2022 में एसटीएफ के एक सिपाही की कार लूट थी। पुलिस ने वारदात का खुलासा करके 7 आरोपियों को जेल भेज दिया था। लेकिन शातिर जीत लहरी 2 साल से फरार चल रहा था। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

एंटी लार्वा का स्प्रे कराया गया, दो बच्चों की हो चुकी है मौत

हापुड़। हापुड़ के हरसिंहपुर गांव में सोमवार को सीएमओ टीम ने जांच की, जिसमें तीन लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इनके नमूने और जांच के लिए एलाइजा टेस्ट के लिए भेजे गए हैं। गांव में हर दसवां व्यक्ति बुखार के कारण टाइफाइड से पीड़ित मिला है। गांव में पिछले दो हफ्तों से बुखार का प्रकोप जारी है। जिसमें एक नवजात और एक बच्चे की मौत हो चुकी है। सीएमओ डॉ. सुनील त्यागी ने मृत बच्चों के घर जाकर जांच की। पाया गया कि नवजात को जन्म के बाद मां का दूध नहीं पिलाया गया था।

मृतक बच्चों की रिपोर्ट भी ली जा रही

दूसरे बच्चे के परिजनों ने उसे डेंगू बुखार और टाइफाइड से पीड़ित हैं। गांव के एक हिस्से में गंदगी पाई गई। जिसके बाद प्रधान के सहयोग से वहां एंटी लार्वा का स्प्रे और सफाई कराई गई। मरीजों की हालत पर नजर रखी जा रही है। 100 से अधिक नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। सीएमओ ने बताया कि गांव में डेंगू का असर अधिक है। इसलिए डेंगू फैलाने वाले लार्वा को नष्ट किया गया है। मृतक बच्चों की रिपोर्ट भी ली जा रही है।

होने की बात कही है। इस मामले की रिपोर्ट की जांच की जा रही है। गांव में एक स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। जहां लोगों को दवाएं दी गईं और रक्त के नमूने लिए गए। जांच में पाया गया कि गांव के कई लोग वायरल

क्रेन की चेन टूटने से मजदूर पर गिरा पाइप, मौत, शव पोस्टमार्टम को भेजा

परिजन बोले: फैक्ट्री में लापरवाही से गई जान

मोदीनगर (करंट क्राइम)। मोदीनगर के भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव दतैड़ी में पाइप बनाने वाली फैक्ट्री में एक मजदूर की संदिग्ध मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिला हापुड के कस्बा बाबूगढ़ की नई बस्ती कॉलोनी निवासी रोहित कुमार अपने भाई प्रदीप उर्फ बिट्टू के साथ भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव दतैड़ी स्थित प्रकाश पाइप फैक्ट्री में मजदूरी करते है। बताया जा रहा है कि सुबह के समय क्रेन से सीमेंट के पाइप एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा रहे थे। इसी दौरान क्रेन की चेन टूट गई और पाइप नीचे गिर गया। पाइप प्रदीप के ऊपर जा गिरा और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने प्रदीप को तुरन्त स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर गाजियाबाद के लिए रेफर कर दिया। गाजियाबाद प्रदीप को मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि प्रदीप अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ रहते थे और उनकी कमाई से पूरे परिवार का लालन पालन चलता था। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि गाजियाबाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। अभी तक इस मामले में कोई घटना की तहरीर नहीं दी है।

ताइवान की सीमा में घुसे 14 युद्धपोत और 153 विमान

मध्य रेखा के साथ ही चीन ने पार की हद

ताइपे । चीन और ताइवान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। बीजिंग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीनी सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि, ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के विमान, नौसैनिक पोत और जहाज ताइवान की सीमा के करीब देखे गए।

इतने विमान दिखाई दिए

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने बताया कि मंगलवार सुबह छह बजे ताइवान के आसपास चीनी 14 नौसैनिक पोत और 12 आधिकारिक जहाज देखे गए। जबकि 153 सैन्य विमानों को उड़ान भरते देखा गया। सेना ने बताया कि 153 विमानों में से 111 ने ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। बता दें चीन और ताइवान के बीच यह जल संधि एक अनौपचारिक सीमा है।

इसके जवाब में ताइवान ने चीन की गतिविधि की निगरानी के लिए विमान, नौसैनिक जहाजों और वायु रक्षा मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया। एमएनडी ने यह जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी।

हम स्थिति पर नजर रखे हुए: एमएनडी : ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'आज सुबह 153 विमान , 14 पोत और 12 जहाज ताइवान के आसपास नजर आए। 111 विमानों ने ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिणपूर्वी एडीआईजेड में प्रवेश किया। हम स्थिति पर नजर बनाए रखे हुए हैं।'

हम स्थिति पर नजर रखे हुए एमएनडी ने कहा

क्या है ग्रे जोन रणनीति?

गौरतलब है चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता है। अब तक चीन ने सीधे ताइवान पर आक्रमण नहीं किया है, लेकिन वो ये सब कुछ ग्रे जोन में करता है। ये चीन की सेना का एक पैंतरा है, जिससे वो सीधे युद्ध तो नहीं करती लेकिन ये शक्ति प्रदर्शन करती है। ग्रे जोन का मतलब है कि कोई देश सीधा हमला नहीं करता है लेकिन इस तरह का डर हमेशा बनाए रखता है। सीधे सैन्य कार्रवाई की जगह, ऐसी कई चीजें होती रहती हैं, जिनसे हमले का डर बना रहता है। ताइवान के साथ चीन यही कर रहा है। चीन ने सितंबर 2020 से 'ग्रे जोन' रणनीति का अधिक बार उपयोग कर रहा है। जानकारों का कहना है कि ग्रे जोन युद्ध रणनीति दरअसल, एक तरीका है, जिससे लंबी अवधि में धीरे-धीरे प्रतिद्वंद्वी को कमजोर कर दिया जाता है।

हांगकांग में बदहाली के दुकानों और हजार रेस्तरां पर लटका ताला

नईदिल्ली । हवाई कंपनियां हांगकांग के लिए पर्यटकों को छूट दे रही हैं। वहां पर्यटकों के लिए ड्रोन और दूसरे एअर शो हो रहे हैं। हांगकांग ने सैकड़ों सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स को अपने यहां आमंत्रित किया है कि वे आकर देश की खूबसूरती देखें और इसकी कहानी बताएं। इसके बावजूद हांगकांग को पर्यटक नहीं मिल रहे, तो यह आश्चर्य की ही बात है।

दरअसल, एक समय पर्यटन व्यवसाय ही हांगकांग की आर्थिक ताकत था। लेकिन कोविड और राजनीतिक उथल-पुथल के कारण वहां पर्यटकों की संख्या जो घटी, उसमें अब भी वृद्धि नहीं हो पा रही। हांगकांग के लिए परेशानी की बात यह भी है कि थाईलैंड, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे दूसरे एशियाई देशों में पर्यटकों का आंकड़ा कोविड से पहले के स्तर पर आ गया है। लंबे समय से पर्यटकों की कमी के कारण हांगकांग की छोटी-छोटी असंख्य दुकानें और रेस्तरां बंद हो गए हैं। जबकि बड़े होटलों में किसी भी समय दर्जनों कमरे खाली पाए जाते हैं। ग्राहकों की कमी से छोटी दुकानों और रेस्तरां को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। मार्च से अगस्त के बीच देश में लगभग 1,000 रेस्तरां बंद हो गए हैं। वर्ष 2019 में चीन के वर्चस्ववाद के खिलाफ हांगकांग में हुए जनांदोलन के कारण पर्यटन उद्योग पर प्रतिकूल असर पड़ा। क्रिस्टिन चुंग हांगकांग की इस बदहाली के कई कारण बताए जा रहे हैं। वर्ष 2019 में चीन के वर्चस्ववाद के खिलाफ हांगकांग में हुए जनांदोलन के कारण पर्यटन उद्योग पर प्रतिकूल असर पड़ा। उस साल के उत्तरार्ध में वहां पर्यटकों के आंकड़े में 2018 की तुलना में 40 फीसदी की कमी आ गई। वर्ष 2020 में कोविड से निपटने के लिए हांगकांग ने अपनी सीमाएं सील कर दी थीं।

'बिश्नोई गिरोह के जरिये खालिस्तान समर्थकों पर भारत की नजर', पीएम ट्रूडो का भी अनर्गल बयान

नई दिल्ली । लगातार बढ़ रहे तनाव के बीच कनाडा ने एक बार फिर आपत्तिजनक बयान दिया है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया कि भारत कनाडा में 'मौलिक त्रुटि' कर रहा है। जब वे यह बयान दे रहे थे उस समय कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा और अंतर-सरकारी मामलों के मंत्री डोमिनिक लेब्लांक और विदेश मामलों की मंत्री मेलानी जोली भी मौजूद थीं।

उनका यह बयान भारत से कनाडाई राजनयिकों के निकाले जाने के बाद आया है। ओटावा में ट्रूडो ने कहा कि दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच आगामी बैठक अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह के अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बात के दौरान भी इसके महत्व को रेखांकित किया था

ट्रूडो ने कहा, भारत ने यह सोचकर बुनियादी गलती की है कि वे कनाडा की धरती पर कनाडाई लोगों के

खिलाफ हत्या या जबरन वसूली जैसे आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। कनाडाई प्रधानमंत्री ने दावा किया कि तनाव के बावजूद उनका देश भारत के साथ काम करने को प्रतिबद्ध है।

निज्जर हत्याकांड का जिक्र कर क्या बोले ट्रूडो

ट्रूडो ने भारत एक महत्वपूर्ण लोकतंत्र बताते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण बने रहें, यह अच्छी स्थिति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि भारत और कनाडाई लोगों के बीच ऐतिहासिक रूप से गहरे व्यापारिक संबंध हैं। ऐसे में अगर भू-राजनीति के इर्द-गिर्द अस्थिरता आती है तो लोकतांत्रिक देशों को एक साथ रहना होगा। यही कारण था कि जब कनाडाई खुफिया एजेंसियों ने निज्जर की हत्या के तार भारत से जुड़े होने की आशंका जाहिर की तो हमने सीधे भारत सरकार से संपर्क किया और बातचीत के माध्यम से मुद्दे को सुलझाने की पहल की।

उन्होंने दावा किया कि वे इस लड़ाई में शामिल नहीं होना चाहते, लेकिन घटना की गंभीरता को देखते हुए इसे नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता।

ट्रूडो ने आगे कहा कि कनाडा ने पारदर्शी दृष्टिकोण अपनाकर भारतीय अधिकारियों से सहयोग मांगा है। यही कारण है कि हमने हर कदम पर भारत को अपनी जानकारी से अवगत कराया है। उन्होंने कहा, 'मैंने सीधे प्रधानमंत्री मोदी से बात कर खुफिया समकक्षों के बीच भी संपर्क स्थापित किया है।

उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया से जोड़ने वाली सड़क तबाह की

दोनों देशों में बढ़ा तनाव

सियोल । दक्षिण कोरिया ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने मंगलवार को उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया को जोड़ने वाली सड़कों को तबाह कर दिया है। दक्षिण कोरिया का यह दावा ऐसे समय आया है, जब दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। उत्तर कोरिया का आरोप है कि दक्षिण कोरिया ने उनकी राजधानी प्योंगयांग के ऊपर ड्रोन्स उड़ाए हैं।

उत्तर कोरिया ने सीमा पर तोपों और अन्य सैन्य इकाइयों को दक्षिण कोरियाई सीमा पर तैनात कर दिया है

किम जोंग उन ने बुलाई थी सैन्य अधिकारियों की बैठक

दक्षिण कोरिया के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में उत्तर कोरिया द्वारा मंगलवार को सड़कों के कुछ हिस्सों को तबाह करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया की सेना पूरी तत्परता से हालात पर नजर बनाए हुए है। इससे एक दिन पहले ही उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपने शीर्ष सैन्य और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक बुलाई थी। बैठक के दौरान, किम ने कथित तौर पर प्योंगयांग के ऊपर दक्षिण कोरियाई ड्रोन उड़ानों को 'दुश्मन की उकसावे' वाली कार्रवाई बताया और देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए 'तत्काल सैन्य कार्रवाई' की बात कही।

उत्तर कोरिया ने सीमा पर तैनात की तोपें

इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। उत्तर कोरिया ने सीमा पर तोपों और अन्य सैन्य इकाइयों को दक्षिण कोरियाई सीमा पर तैनात कर दिया है और अगर दक्षिण कोरिया की तरफ से कोई भी उकसावे वाली कार्रवाई होती है तो हमले के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। हालांकि दक्षिण कोरिया ने इस बात की पुष्टि करने से इनकार कर दिया है कि उसने ड्रोन भेजे हैं या नहीं, लेकिन चेतावनी दी है कि अगर उसके नागरिकों की सुरक्षा को खतरा हुआ तो वह उत्तर कोरिया को कड़ी सजा देंगे। किम जोंग उन ने सीमा को स्थायी रूप से बंद करने की दी थी धमक 2000 के दशक में जब दोनों देशों के बीच शांति थी तो उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया ने दोनों देशों को सड़क मार्गों और रेल पटरियों के माध्यम से जोड़ा था। हालांकि बाद में दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने पर दोनों देशों के बीच संचालन को एक-एक कर बंद कर दिया गया। उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम को लेकर दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी का दौर चल रहा है।

पिछले हफ्ते ही उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया के साथ अपनी सीमा को स्थायी रूप से बंद करने की धमकी दी थी। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने बताया है कि उत्तर कोरिया इस साल की शुरूआत से ही सीमा पर टैंक रोधी अवरोध लगा रहा है और बारूदी सुरंगें बिछा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया ने अंतर-कोरियाई सड़कों के अपने खंडों पर बारूदी सुरंगें भी लगाई हैं और लैंप हटा दिए हैं तथा रेलमार्गों के उत्तरी हिस्से पर स्थित रेल लाइनों को भी हटा दिया है।

भारतीय मूल के सांसद पर संसद में झूठ बोलने को लेकर केस, गलती से भेजे गए पैसे न लौटाने पर शख्स को जेल

नई दिल्ली । सिंगापुर के भारतीय मूल के विपक्ष के नेता प्रीतम सिंह पर संसद में झूठ बोलने के दो आरोपों पर सोमवार को मुकदमा शुरू हुआ, जब उनसे एक पूर्व सहयोगी के बारे में पूछताछ की गई। प्रीतम सिंह के पूर्व वर्कर्स पार्टी सहयोगी रईस खान ने 2021 में संसद में दो बार झूठ बोला था कि वह बलात्कार पीड़िता के साथ पुलिस स्टेशन गए थे, जहां एक पुलिस अधिकारी ने कथित तौर पर महिला के पहनावे और शराब पीने के बारे में टिप्पणी की थी।

क्या है पूरा मामला?

प्रीतम सिंह पर 10 दिसंबर और 15 दिसंबर, 2021 को रईस खान के आचरण की जांच के लिए बुलाई गई विशेषाधिकार समिति (सीओपी) के समक्ष दो बार झूठ बोलने का आरोप है। प्रीतम सिंह पर झूठ बोलने का आरोप है कि 8 अगस्त, 2021 को रईस खान और डब्ल्यूपी सदस्यों सिल्विया लिम और मुहम्मद फैसल अब्दुल मनाप के साथ अपनी बैठक के खत्म होने पर, वह चाहते थे कि रईस खान संसद में किसी बिंदु पर स्पष्ट करें कि उन्होंने बलात्कार पीड़िता के साथ पुलिस स्टेशन जाने के बारे में जो कहा था वह झूठ था।

एक रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और वर्तमान डिप्टी अटॉर्नी-जनरल एंग चेंग हॉक के नेतृत्व में अभियोजकों की टीम ने आरोप लगाया कि प्रीतम सिंह ने रईस खान के झूठ के मामले में अपनी जिम्मेदारी को कम करने के लिए सीओपी के समक्ष झूठी गवाही दी थी। डिप्टी अटॉर्नी जनरल ने आरोप लगाया कि प्रीतम सिंह ने 3 अक्टूबर, 2021 को एक अन्य बैठक के दौरान रईस खान को निर्देशित किया था, ताकि अगर अगले दिन संसद में मामला उठाया जाता है तो वे झूठ को जारी रखें।

यह मुकदमा उप प्रधान जिला न्यायाधीश ल्यूक टैन के समक्ष अगले गुरुवार तक सप्ताह के बाकी दिनों में चलने वाला है। अगर वह दोषी पाए जाते हैं, तो उनपर सभी आरोप के लिए 7,000 सिंगापुर डॉलर तक का जुमार्ना, तीन साल तक की जेल या दोनों सजाएं हो सकती हैं। अगर उस पर कम से कम 10,000 सिंगापुर डॉलर का जुमार्ना लगाया जाता है, तो वह सांसद के रूप में अपनी सीट खो सकता है और पांच साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य हो सकता है।

इधर सिंगापुर एक 47 वर्षीय भारतीय नागरिक को एक अदालत ने नौ हफ्ते की जेल की सजा सुनाई है, क्योंकि उसने गलती से उसके बैंक खाते में आई 25,000 सिंगापुर डॉलर (लगभग 16 लाख रुपये) वापस नहीं किया। इस मामले में 14 अक्टूबर को, पेरियासामी मथियाझागन ने पैसे की हेराफेरी करने का आरोप स्वीकार किया और अदालत को बताया कि उसने पैसे का इस्तेमाल अपने कर्ज चुकाने के लिए किया था और उसमें से कुछ रकम भारत में अपने परिवार को भेजी थी।

कर्ज चुकाने के लिए शख्स ने खर्च किए रुपए : जानकारी के मुताबिक पेरियासामी ने 2021 से 2022 तक एक प्लंबिंग और इंजीनियरिंग फर्म के लिए काम किया। उसकी कानूनी समस्याएं 6 अप्रैल, 2023 को शुरू हुईं, जब फर्म के एक प्रशासक ने 25,000 सिंगापुर डॉलर को उसके बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद उन्होंने पेरियासामी के बैंक को गलत रुपए ट्रांसफर के बारे में बताया और पैसे वापस पाने के लिए मदद मांगी।

एससीओ समिट से पहले शहबाज सरकार को राहत

इमरान की पीटीआई ने विरोध लिया वापस

जानें विपक्ष ने क्या रखी शर्त

इस्लामाबाद । शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से पहले इस्लामाबाद में हो रहे विरोध प्रदर्शनों ने पाकिस्तान की शहबाज सरकार की नींद उड़ा दी थी। यहां तक कि मुख्य विपक्षी दल के सैकड़ों समर्थकों को गिरफ्तार तक किया गया था। हालांकि, मंगलवार को यहां की सरकार के लिए राहत भरा रहा। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने अपना विरोध-प्रदर्शन वापस ले लिया क्योंकि एससीओ के सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की 23वीं बैठक यहां कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो रही है।

इन मुद्दों पर होगी बैठक में चर्चा

पाकिस्तान आज से शुरू होने वाली दो दिवसीय एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी कर रहा है। पिछले साल अक्तूबर में बिश्केक में हुई बैठक में इस्लामाबाद ने एससीओ सीएचजी की अध्यक्षता ग्रहण की थी। सीएचजी बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ करेंगे। दो दिवसीय बैठक में अर्थव्यवस्था, व्यापार, पर्यावरण और सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्र में चल रहे सहयोग पर चर्चा की जाएगी और संगठन के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी।

11 साल बाद चीनी पीएम पाकिस्तान पहुंचे : पाकिस्तान में आयोजित होने जा रहे शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग पहुंच गए हैं। यह 11 वर्षों में किसी चीनी प्रधानमंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा है और यह ऐसे समय हुई है ।

पाकिस्तान के साथ संबंधों की दिलाते हैं याद माइकल कुगेलमैन

भारत-कनाडा रिश्तों पर बोले विदेश नीति विशेषज्ञ

माइकल कुगेलमैन ने कनाडा में आंतरिक राजनीतिक गतिशीलता के बारे में बात की जिसने राजनयिक दरार में योगदान दिया

नई दिल्ली । अमेरिका में रहने वाले विदेश नीति विशेषज्ञ और विल्सन सेंटर में दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने सोमवार को कनाडा के साथ भारत के बिगड़ते संबंधों और पाकिस्तान के साथ लंबे समय से चले आ रहे तनावपूर्ण संबंधों के बीच एक निराशाजनक तुलना की।



निचले स्तर पर पहुंचा दोनों देशों का संबंध-कुगेलमैन

उन्होंने कहा, यह एक ऐसा रिश्ता है जो अब बहुत निचले स्तर पर पहुंच चुका है और वास्तव में, हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए, निश्चित रूप से इन बेहद गंभीर आरोपों के संदर्भ में भारत के पाकिस्तान के साथ संबंधों की याद दिलाता है। वहीं वरिष्ठ राजनयिकों को निष्कासित किए जाने के संदर्भ में, साथ ही सरकारी बयानों में तीखी भाषा का उपयोग, यह सब वहां है और निश्चित रूप से, मुख्य आरोप जो हम भारत से सुन रहे हैं कि कनाडा भारत विरोधी आतंकवादियों को शरण दे रहा है और प्रायोजित कर रहा है। यह वही है जो हम भारत से पाकिस्तान के बारे में कहते हुए सुनते आए हैं।

पीएम ट्रूडो ने भारत के आंतरिक मामलों पर की टिप्पणी'

माइकल कुगेलमैन ने कनाडा में आंतरिक राजनीतिक गतिशीलता के बारे में भी बात की जिसने राजनयिक दरार में योगदान दिया है। उन्होंने कहा, यहां बहुत सारे फैक्टर काम कर रहे हैं। निश्चित रूप से, कोई भी कनाडा में घरेलू राजनीतिक वास्तविकताओं की प्रासंगिकता को स्वीकार कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के आंतरिक मामलों पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की टिप्पणियों, विशेष रूप से कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध के लिए उनके समर्थन ने तनाव को जन्म दिया है।

पीएम ट्रूडो ने भारत के आंतरिक मामलों पर की टिप्पणी' : कुगेलमैन ने कहा, ये सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत में आंतरिक घटनाक्रमों पर कुछ ऐसी टिप्पणियां की हैं, जिनकी किसी कनाडाई प्रधानमंत्री से अपेक्षा नहीं की जाती, जैसे कि भारतीय कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों के लिए टिप्पणी करना और उनका समर्थन व्यक्त करना। कनाडा ने चरमपंथियों या आतंकवादियों को पनाह देने से इनकार किया है, लेकिन कुगेलमैन ने बताया कि भारत अपनी असहमति पर अड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, कनाडा यह नहीं मानता कि वह चरमपंथियों और आतंकवादियों को पनाह दे रहा है, और निश्चित रूप से यह ऐसी चीज है जिस पर भारत बहुत सख्ती से असहमत है।

कुगेलमैन ने इस बात पर जोर दिया कि ये अलग-अलग विचार दोनों देशों के बीच चल रहे कूटनीतिक टूटने के केंद्र में हैं। कनाडा की इस सरकार ने कई फैसले लिए हैं ।

अफ्रीकी देश के दौरे पर राष्ट्रपति मुर्मू का दूसरा दिन

आर्थिक मंच से आपसी सहयोग बढ़ाने का आह्वान

अल्जीयर्स । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत-अल्जीरिया आर्थिक मंच को संबोधित किया। उन्होंने दोनों देशों के बीच गहन आर्थिक सहयोग का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी को और मजबूत करने और सहयोग के एक नए युग की दिशा में बढ़ने का समय आ गया है। दोनों देशों के रिश्तों को नई गति प्रदान करने का समय आ चुका है।

अपने भाषण में राष्ट्रपति मुर्मू ने अल्जीरियाई राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने के नेतृत्व में किए गए सुधारों की प्रशंसा भी की। समावेशी विकास और लोकतंत्र के प्रति अल्जीरिया प्रतिबद्ध देश में हो रहे सकारात्मक बदलावों को स्वीकार करते हुए द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने के नेतृत्व में परिवर्तनकारी सुधार हुए हैं। समावेशी विकास और लोकतंत्र के लिए अल्जीरिया की प्रतिबद्धता सराहनीय है।

दोनों देशों की संस्थाओं का सहयोग, यह अपनी तरह का पहला आयोजन कार्यक्रम में दोनों देशों के व्यापार और सरकारी नेताओं ने भाग लिया। यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम रहा जिसका आयोजन अल्जीरियाई आर्थिक नवीनीकरण परिषद और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने संयुक्त रूप से किया।

ओज रस के राष्ट्रीय कवि स्वर्गीय कृष्णमित्र जी की पुण्य तिथि पर श्रंद्धाजलि सभा आयोजित की गई

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। स्वर्गीय कृष्णमित्र के पुत्र पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने पिता स्वर्गीय कृष्णमित्र जी को सादर नमन करते हुए पुष्प अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में समाज के सभी वर्गो के गणमान्य लोगों ने उन्हें याद किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

नगर आयुक्त ने 'संभव' में की जनसुनवाई

विभागीय अधिकारियों ने की कार्यवाही

प्राप्त हुए 26 संदर्भ

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निगम अधिकारियों के साथ जनसुनवाई की अधिकांश संदर्भ निर्माण विभाग की प्राप्त हुए जिन पर मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी व टीम को स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए निर्माण विभाग संबंधित अधिकांश मांग प्राप्त हुई जिन पर योजना के क्रम में कार्यवाही करने के लिए कहा गया। संभव के दौरान डूडा विभाग से एक संदर्भ स्वास्थ्य विभाग से तीन संदर्भ उद्यान विभाग से एक संदर्भ टैक्स विभाग से दो संदर्भ जलकल विभाग से दो संदर्भ अवैध अतिक्रमण संबंधित तीन संदर्भ में अन्य विभाग से दो संदर्भ प्राप्त हुए जिसमें लाइब्रेरी तथा डॉग संबंधित संदर्भ भी प्राप्त हुए। प्राप्त संदर्भों पर गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाही कराई, मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनेंद्र कुमार, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, वह समस्त विभाग के विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निर्दलीय चुनाव जीत कर पार्षद बना एक चेहरा हो रहा है भाजपाई बन कर अपसेट? उसने कहा कि मेरा तो भाजपाई बन कर भर गया है पेट? केसरिया रंग में आने के बाद बोला पार्षद भाजपाई? सही मानो हमारी कोई नहीं सुनता भाई? उसने अपने दिल की बात बताई?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जो आए थे अपने दम पर जीत कर चुनाव? उन्हें दिखा दिए फूल वालों ने कुछ अलग ही ख्वाब? लेकिन अब ये बागी फिर हो रहें हैं बगावत के लिए तैयार? सुना है एक मेंबर ने रख दिए अपने मन के विचार? उसने गिना दिए विजेता 10 बागियों के नाम? कहा कि आप उठा कर देख लो क्या मिला इन 10 को भाजपाई होने का ईनाम? कार्यकारिणी उपाध्यक्ष से लेकर कार्यकारिणी सदस्य तक में नहीं हैं इन 10 में से एक भी नाम? कुछ मिला भी नहीं ओर बेकार में हो गए भगवाई के नाम से बदनाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्या लाइन पार में कमल का फूल कर पाएगा 25 हजार वोटों का आंकड़ा पार? अगर नही हुआ ये टारगेट पूरा तो कोई चेहरा लेगा इस जिम्मेदारी को अपने सिर पर? सुना है लाइन पार में रहने वाला है पोलिंग को लेकर सीन कुछ ज्यादा ही उदासीन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजपा के वैश्य पार्षद के साथ क्यों हो रहा है ऐसा व्यवहार? वो बताते हैं खुद को पार्ट ऑफ सरकार? लेकिन अफसर के कमरे से वो क्यों दिखाई देते हैं बाहर ही बाहर? सुना है एक बार फिर हो गया उनके साथ इग्नोर करने वाला सीन? मंगल को फिर दिखा ये दंगल? वो गए थे साहब से मिलने तो वहां वेटिंग में थे एक पार्षद और दो अन्य लोग? पार्षद मिले फिर 2 लोगों को साहब ने बुलाया? भगवा पार्षद इंतजार करते रहे पर उनके लिए बुलावा नहीं आया? सुना है उन्हें 45 मिनट तक इंतजार कराया? पहले भी कराया था इंतजार ओर फिर बिना मिले साहब चले गए थे बाहर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इतनी तो रखनी चाहिए भगवा गोयल को भी अपने सीने में अना? जब कर दिया अपने लहजे से ही उन्होंने कोई इंटरेस्ट दिखाने से मना? तो उन्हें भी ये चाहिए वो अपना रास्ता दे बदल? रोज रोज अच्छा नहीं लगता ये इग्नोर होने वाला सीन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** देवतुल्य चाहते हैं कि पहले सांसद विधायक मेयर दे अपने सदस्यता अभियान का हिसाब? सुना है कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं कर सका है अपना टारगेट पूरा? कहने वाले ने कहा कि पूरा तो बहुत दूर की बात है? यहां तो हॉफ वाला सीन भी है अधूरा? देवतुल्य चाहते हैं कि जनप्रतिनिधियों के रिपोर्ट कार्ड को रखा जाए सबके सामने?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मंगलवार को भगवा ठाकुर साहब ने कर दिया संगठन जिम्मेदारी से जुड़ा बड़ा ऐलान? सुना है कह दिया उन्होंने बैठक में ये साफ? अगर कोई पदाधिकारी लगातार रहता है संगठन की तीन बैठकों से आउट? उसे तत्काल पद से मुक्त कर दो ओर नहीं रखो इस बात में कोई डाउट? संगठन वाले ठाकुर साहब नहीं चाहते हैं जिम्मेदारी में कोई ढील? उनके सामने नहीं चलती इस मामले में कोई दलील ओर कोई अपील?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नहीं है उस मोहल्ले में सीन शीतल? जिस मोहल्ले में जॉन के लिए आया था बुलडोजर? उस मोहल्ले में जान कर ही आया मेंबर का निर्माण तोड़ने निगम का बुलडोजर? कहने वाले ने कहा आप लगाओ तो सही इस मामले में घटनाक्रम की दूरबीन? आप को समझ में आ जाएगा फेयरली ये सारा सीन? ऐसे ही तो नहीं पहुंचा होगा मोहल्ले में निगम का दस्ता? कहने वाले ने कहा उनसे तो बहुत ही कूल था रिश्ता?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विपक्ष का एक पार्षद हो चुका है पूरी तरह से मैनेज? कहने वाले ने कहा इस इलाके में गठबंधन इंडिया को हो सकता है डैमेज? विपक्ष का ये पार्षद रहेगा फ्लॉवर को लेकर सॉफ्ट? वो नही मांगेगा गली मोहल्ले में अपने वाले उम्मीदवार के लिए वोट? कहने वाले ने कहा यहां सीन में है यार की यारी? यारों ने भी तो निभाई थी उसके चुनाव में पूरी यारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** साइकिल से उतर कर हाथी पर सवार हुए गर्ग साहब दिखाएंगे बीच शहर में कितना जोर? उन्हें लगाने होंगे क्या यहां एक्स्ट्रा जोर? हाथी के महावतो का कितना मिलेगा साथ? वो देख सकते हैं एक बार नगर निगम में नीले रंग का ग्राफ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

भाजपा सक्रिय सदस्यता अभियान 2024 की कार्यशाला सम्पन्न

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में सक्रिय सदस्यता अभियान की कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को शहर मंडल के हिंडन बिहार स्थित बाल्मिकी भवन में किया गया। 16 अक्तूबर से सक्रिय अभियान की शुरूवात होनी हैं। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया और सक्रिय सदस्यता के सत्यापन अधिकारी के रूप में मेरठ महानगर के पूर्व अध्यक्ष मुकेश सिंघल मौजूद रहे।
मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने बताया कि दूसरे चरण का सदस्यता अभियान 15 अक्तूबर को समाप्त हो गया है। परन्तु फिर भी सामान्य सदस्यता जारी रहेगी। अब सक्रिय सदस्यता अभियान संगठन महापर्व अभियान 16 से 31 अक्तूबर तक चलेगा। जिस कार्यकर्ता ने 100 सदस्य बनाए हैं, वही कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य का फार्म लेकर सक्रिय सदस्य बनेगा। उसे डिजिटल 100 रुपए सक्रियता शुल्क नमो एप पर देय होगा। सक्रिय सदस्य सभी वर्गों से बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया 1 नवम्बर से 4 नवम्बर तक सक्रिय सदस्यता के सत्यापन का कार्य किया जाएगा।

'भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है'

करंट क्राइम। पूर्व अध्यक्ष व सत्यापन अधिकारी ने ने कहा कि भाजपा राजनीतिक कार्यकर्ताओं की विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा कार्यकर्ता संगठन में रह कर जन सेवा के कार्य कर पार्टी में आगे बढ़ता है। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान सभी वर्गों में चल रहा है। सभी वर्गों को भाजपा सक्रिय सदस्य बनाकर भी विशेष रूप से पार्टी से जोड़ा जाएगा।

कार्यशाला में गणमान्य लोग उपस्थित रहे

करंट क्राइम। कार्यशाला बैठक के दौरान बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, पूर्व नगर अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा, पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, महामंत्री पप्पू पहलवान, संदीप त्यागी, सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल, मोनिका पण्डिता, कामेश्वर त्यागी, धीरज शर्मा, संजय रावत, चमन चौहान, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, करण शर्मा, अजीत कुमार झा, प्रतीक माथुर, प्रियंका प्रियदर्शिनी, पंकज भारद्वाज, पार्षद पप्पू नागर, पार्षद अनिल शर्मा, अमित त्यागी, हरमीत बख्शी, दीपक राघव , अनुज त्यागी, अमित रंजन, राहुल तोमर सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यकर्ता मौजूद रहे।

'सदस्यता अभियान में भाजपा कार्यकर्ता लाएं तेजी'

हापुड़ में क्षेत्रीय अध्यक्ष बोलेः भाजपा की नीतियां घर-घर पहुंचाने का काम करें

हापुड़। हापुड़ के दिल्ली रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक का आयोजन हुआ। इसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान में तेजी लाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि सदस्यता अभियान अब जल्द ही समाप्त होने वाला है। सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं को और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हापुड़ को अग्रणी बनाने के लिए सभी कार्यकताओं को और अधिक मेहनत करनी होगी। सभी को मिलकर सदस्यता अभियान को गति देनी होगी। इसके लिए योजना बनाकर इस पर कार्य करना होगा।

सक्रिय कार्यकर्ता बनाने की अपील

करंट क्राइम। जिला प्रभारी और प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें की अधिक से अधिक कार्यकताओं को सक्रिय कार्यकर्ता बनाना है। जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक बूथ पर अधिक से अधिक सदस्यता हो।

ये लोग रहे मौजूद

करंट क्राइम। बैठक में जिला महामंत्री प्रफुल्ल सारस्वत, राजीव सिरोही, मोहन सिंह, पुनीत गोयल, पूर्व मंत्री मदन चौहान, जिला उपाध्यक्ष शर्मेंद्र त्यागी, कोषाध्यक्ष कपिल एसएम, नीलम सिंह, डा. पायल गुप्ता, छवि दीक्षित, सुनील वर्मा, पवन गर्ग, जिनेंद्र चौधरी, विक्रांत शर्मा, हेमंत त्यागी, जिला मीडिया प्रभारी सुयश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

वेव सिटी पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहलाकर ले जाने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वेव सिटी पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी 14 अक्टूबर 2024 को की गई, जब पुलिस ने मैनुअल इनपुट और सीसीटीवी फुटेज की मदद से अभियुक्त फईम, पुत्र शुभराती, निवासी फैजगंज बेहटा, जनपद बदायूं को जिन्दल स्कूल के पास बम्हेंटा से पकड़ा। पुलिस ने लड़की को भी सुरक्षित बरामद कर लिया है, और अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। 9 अक्टूबर 2024 को थाना वेव सिटी में वादी ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग बेटी को एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर पीड़िता की सकुशल बरामदगी और अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। कड़ी जांच और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के बाद, पुलिस को अभियुक्त फईम की लोकेशन का पता चला। फईम, जो कि वर्तमान में गिरधरपुर रोड, बिसरख, गौतमबुद्धनगर में टेंट की दुकान चलाता था, को पुलिस ने जिन्दल स्कूल के पास बम्हेंटा से गिरफ्तार किया। लड़की को भी उसी स्थान से सकुशल बरामद किया गया। द्वारा की गई पूछताछ में अभियुक्त फईम ने बताया कि वह शादी समारोहों में टेंट लगाने का काम करता है। एक दिन, लालकुंआ में एक कार्यक्रम के दौरान उसने टेंट लगाया था, जहां वह नाबालिग लड़की भी आई हुई थी।

उसी समय उसने लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने की योजना बनाई। मौका पाकर उसने लड़की को अपने साथ भगाकर ले गया। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है और पीड़िता को सुरक्षित उसके परिवार को सौंप दिया है। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं और पुलिस की तत्परता की सराहना भी की जा रही है। फिलहाल, पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है।

वार्ड-76 में नारियल तोड़कर किया गया विकास कार्य का उद्घाटन

साहिबाबाद , करंट क्राइम। भाजपा बूथ अध्यक्ष योगेंद्र पटवाल एवं पार्षद शिवानी गौरव सोलंकी द्वारा अपने वार्ड 76 वैशाली के सेक्टर 2बी की अशोका लेन में एक नए समरसेबल पंप का उद्घाटन सम्मानित निवासियों की मौजूदगी में किया गया। इस सबमर्सिबल पंप को सीधे घरों में जा रही पानी की पाइपलाइन में कनेक्ट कर दिया गया है इस समरसेबल के माध्यम से इस गली में निवास कर रहे 96 परिवारों को सीधे तौर पर पानी पहुंचने की व्यवस्था कर दी गई है तथा आसपास के अन्य परिवारों को भी इसका लाभ अवश्य होगा, इस सबमर्सिबल पंप को सीधे पानी की बड़ी टंकी में भी कनेक्ट कर दिया जाएगा जिससे पूरे सेक्टर 2 में आपूर्ति हो जाएगी। आगे भी इसी प्रकार अन्य सेक्टर, अन्य ब्लॉक तथा अन्य गलियों में इसी प्रकार की व्यवस्था बनाई जाएगी।

पैसे के विवाद में आरोपियों ने युवक को पीटा था, अगले दिन हो गई थी मौत

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद के थाना कवि नगर क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी है। जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। दरअसल तीन बदमाशों ने एक शख्स को शराब की दुकान पर पीटा था। जिसकी अगले दिन मौत हो गई थी। गाजियाबाद में एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना कवि नगर पुलिस एनडीआरएफ रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। उनको रोकने का प्रयास किया गया। स्कूटी सवार बदमाश ने पुलिस में फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में मनीष जो की गांव चितौड़ा का रहने वाला है, उसको गोली लगी है।

वहीं उसका साथी विक्की फरार हो गया। मनीष एक पेशेवर अपराधी है। पुलिस के मुताबिक 10 अक्टूबर को मनीष विक्की और बंटी ने शराब की दुकान पर राहुल नाम के शख्स को पीटा था। 11 तारीख को राहुल की मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक राहुल के पैसे बंटी के मामा पर थे। जब राहुल और बंटी का आमना सामना हुआ तो राहुल ने अपने पैसे मांगे। बंटी के मामा को गाली दी। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। बंटी, विक्की और मनीष ने राहुल को पीटा था। राहुल के सिर में चोट लगी थी, जिसे अगले दिन उसकी मौत हो गई थी। पुलिस बाकी दोनों बदमाशों को तलाश रही है।

चिन्टू जी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व मेयर आशु वर्मा और उनका पूरा परिवार भारतीय संस्कृति सनातन धर्म ओर देशभक्ति के मूल्यों को आत्मसात करता है। पूर्व मेयर आशु वर्मा इन दिनों अमेरिका में अपने पुत्र के पास है। ये परिवार है ये प्यार है तभी दादा अपने पौत्र अनघ के जन्मदिन पर उसे आशीर्वाद शुभाशीष देने सात समुंदर पार पहुंचे हैं। आस्था श्रद्धा भक्ति और संस्कृति यहीं है कि पूर्व मेयर आशु वर्मा और उनका परिवार अमेरिका में भी जन्मदिन पर मंदिर में पूजा अर्चना करने गए। हवन किया और भारतीय संस्कृति सनातन धर्म का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।